# बुजुर्ग मतदाताओं का किया सम्मान मतदान जरूर करने की अपील

## एडीएम और एएसपी ने किया मतदान केंद्रों का मुआयना, विद्यार्थियों ने निकाली रैली


लोगों को मतदान का महत्व समझाते अधिकारी। अमृत विचार


राजापुर में भी वोटरों को किया गया जागरूक। अमृत विचार

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम और अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट के मतदान केंद्रों बंदरी, बारामाफी, लोढ़वारा का मुआयना किया। इस दौरान वयोवृद्ध मतदाताओं का सम्मान किया गया और सभी से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई।

संवेदनशील मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय बंदरी में अधिकारियों ने मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। एडीएम ने कहा कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। एडीएम ने 80 वर्ष से अधिक की आयु के मतदाता बसंता का अभिनंदन किया और उनसे वोट डालने का अनुरोध किया।

बसंता ने कहा कि वह वोट डालने जरूर जाएंगे। मतदाताओं को जागरूक करने की मंशा से छात्र-छात्राओं ने जागरुकता रैली भी निकाली। प्राथमिक विद्यालय बारामाफी व लोढ़वारा में अधिकारियों ने मतदाताओं को निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने का अनुरोध किया गया।

### घर-घर जाकर की वोट डालने का अपील

**राजापुर (चित्रकूट)।** 20 मई को होने वाले चुनाव के लिए प्रशासन द्वारा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का क्रम जारी है। शनिवार को मतदाताओं के घर-घर जाकर उनसे वोटिंग की अपील की गई। कृष्णानगर, तुलसी नगर में घर-घर दस्तक अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया और जागरुकता रैली भी निकाली गई। अधिशासी अधिकारी बीएन कुशवाहा ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान का बड़ा महत्व है। आदर्श बूथों में वोटर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। मतदाता जागरुकता अभियान के नोडल अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि चुनाव के पहले जागो मतदाता दस्तक अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर मतदाताओं से रूबरू होते हुए मतदान करने की अपील की जाएगी। मतदाता जागरुकता रैली में अमित सोनी, जगदीश सिंह पटेल, मोनू मोदनवाल, पुरुषोत्तम जाटव, पवन तिवारी, भोला गुप्ता, धनराज, रमेश आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## ग्रामोदय विवि के छात्रों को गेट में मिली सफलता

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कई छात्रों ने इंजीनियरिंग के परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए होने वाली गेट परीक्षा में सफलता पाई है। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा और अधिष्ठाता डॉ. आंजनेय पांडेय ने छात्र राज गौरव मिश्रा, उत्कर्ष द्विवेदी, प्रिय कुमार जायसवाल, हर्ष राज लांगे और पूर्व छात्र प्रचेतस पाठक आदि को बधाई दी है। डॉ. पांडेय ने बताया कि राज गौरव ने ऑल इंडिया की 34वीं रैंक हासिल की है। उत्कर्ष को 120वीं, प्रिय कुमार को 279वीं और हर्ष राज लांगे को 286वी रैंक मिली है।

## एजाज सिद्दीकी बने राष्ट्रीय सचिव

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** कस्बा निवासी एजाज सिद्दीकी को समाजवादी लोहियावाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सचिव मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति लोहियावाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखेलश यादव की संस्तुति से की है। उनसे जिले में पार्टी को मजबूत करने की अपेक्षा की गई है।


एजाज सिद्दीकी।


कार्यक्रम में मौजूद जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य व अन्य। अमृत विचार

## संगीत से होता भावनाओं का उद्दीपन : जगद्गुरु

चित्रकूट कार्यालय

- रामघाट पर हिंदुस्तानी संगीत पर गोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र में रामघाट पर सामाजिक समरसता में हिंदुस्तानी संगीत की भूमिका विषयक दो दिवसीय गोष्ठी हुई। इसका उद्घाटन जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने किया। उन्होंने कहा कि संगीत एक ऐसी कला है जो व्यक्ति में भावनाओं का उद्दीपन करती है।

संगोष्ठी का आयोजन जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के संगीत विभाग ने किया था। शुरुआत दृष्टि दिव्यांग डॉ. ज्योति वैष्णव ने गणेश वंदना से की। वाराणसी के प्रो. प्रवीण उद्धव एवं श्रुति शील की जुगलबंदी ने चित्रकूट मे काशी के गंगा घाट की अनुभूति कराई। डॉ. रामशंकर, डॉ. चारु चंद्र, प्रियांशु घोष, डॉ. सुरेंद्र कुमार के गायन में डॉ. मनोज मिश्र की तबला संगत ने लोगों को भावविभोर कर दिया।

होली और चैती का गायन हुआ तो लोग झूमने को विवश हो गए। आयोजन समिति ने लोगों को गुलाल लगाकर परंपरा निभाई। उद्घाटन सत्र में जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि कला साधक को हमेशा ऐसी रचना करनी चाहिए, जिससे व्यक्ति के हृदय में सुंदर विचारों और भावनाओं का उद्भव हो। ऐसी रचनाएं नहीं करनी चाहिए जो सांसारिक और दुखों को प्रदान करने वालू भावनाएं उत्पन्न करें। संगीत व्यक्ति की भावनात्मक संवेगों के उद्दीपन का माध्यम है और यदि संगीतकार सहृदयी हो, भक्त हो, सच्चा साधक हो तो उसकी कला से समाज में सद्भाव ही विस्तारित होता है।

ग्वालियर संगीत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. साहित्य कुमार नाहर, विनोद द्विवेदी, प्रो. प्रवीण उद्धव, डॉ. नरेंद्र देव पाठक, डॉ. सुरेंद्र कुमार आदि ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण बातें बताईं। कुलाधिपति के निजी सचिव रमापति मिश्रा ने सभी को शुभकामनाएं दीं। पं. धर्मदास शास्त्री कनाडा से एवं चितरंजन दास गुप्ता टेक्सास से विषय विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए। कुलपति शिशिर पांडेय ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए। कार्यक्रम में डॉ. विशेष नारायण मिश्र, डॉ. ज्योति विश्वकर्मा, डॉ. गोपाल कुमार मिश्रा, आचार्य रामचंद्र दास, मधुरेंद्र, डॉ. विनोद मिश्रा, डॉ. महेंद्र उपाध्याय, अमित अग्निहोत्री, निहार मिश्रा, रजनीश सिंह, डॉ. रीना पांडेय, नीतू तिवारी, तृप्ति रस्तोगी, एसपी मिश्रा, विशेष दुबे, ओमप्रकाश, किरण तिवारी, पूजा भार्गव आदि मौजूद रहीं।


आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ खेली गई होली। अमृत विचार

## रंग और पिचकारी पाकर खिलखिलाए नन्हे-मुन्ने

चित्रकूट कार्यालय

- आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया होली का त्योहार

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी केंद्र शिवरामपुर में सीईसीडीआर फाउंडेशन और महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बच्चों के साथ होली का त्योहार मनाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी की अगुवाई में केंद्र में पढने वाले सभी बच्चों को पिचकारी, प्राकृतिक गुलाल एवं रंग, मिठाई दी गई।

डीपीओ पीडी विश्वकर्मा ने कामना की कि सभी बच्चों के जीवन में रंगों का त्योहार खुशियां लेकर आए।

कार्यक्रम में पंकज कुमार, आशुतोष मिश्र, एएनएम मंजू सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज देवी, रेनू देवी, आशा, माया देवी, सहायिका ललिता देवी एवं केंद्र में पंजीकृत बच्चे और उनके परिवार के लोग शामिल हुए।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हमीरपुर।** नेशनल हाईवे पर राठ मोड़ के पास दो बाइक सवारों को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को थाना कोतवाली पुलिस ने सदर अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। कुरारा थाना के जमरेही गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र गंगाराम सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदुलीतीर गांव निवासी अमरचंद्र के साथ बाइक से उसके गांव जा रहा था। तभी देर शाम करीब पौने पांच बजे नेशनल हाईवे में राठ तिराहे के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार सड़क में गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने अमरचंद को मृत घोषित कर दिया गया।

## प्रबंध समिति की उपयोगिता बताई

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** महामति प्राणनाथ डिग्री कॉलेज में शनिवार को विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय प्रबंध समिति की उपयोगिता पर विचार-विमर्श हुआ।

नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की। अध्यक्षता खंड शिक्षाधिकारी कृष्ण दत्त पांडे ने की। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ आलोक गर्ग भी उपस्थित रहे। नायब तहसीलदार ने विद्यालय प्रबंध समिति की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

मास्टर ट्रेनर रवि गुप्ता ने एसएमसी के गठन एवं दायित्व की चर्चा की। मास्टर ट्रेनर दानिश मियां रिजवी ने विद्यालय प्रबंध समिति में समुदाय की भूमिका बताई। खंड शिक्षाधिकारी ने सभी अध्यक्षों, सचिवों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सहयोग की अपील की। आलोक गर्ग, शार्देंदु शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, श्रीनेत्, अजय भारतीय, त्रिलोकनारायण पांडेय, हनुमान सिंह, वीरभान सिंह, वीरेंद्र श्रीवास्तव, लवकुश द्विवेदी, ज्ञान सिंह, संतोष मिश्रा, आलोक श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, विवेक तिवारी, मूलचंद श्रीश्याम, गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।


कार्यशाला में मौजूद शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

## छह आरोपियों से शराब लहन व उपकरण बरामद

कार्यालय, चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुलिस ने छह आरोपियों से देशी व कच्ची शराब, लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। भरतकूप के एसआई रामकुमार ने चिरौंजीलाल पुत्र जौहरीलाल निवासी मुकुंदपुर को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

एसआई अजहर जमाल ने पुत्तीलाल उर्फ लवलेश पांडेय पुत्र सीताराम निवासी इटखरी भैसोंधा को नौ लीटर कच्ची शराब, एसआई बालकिशुन ने खोजेलाल वर्मा पुत्र मलिक वर्मा निवासी करारी गोंडा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ पकड़ा। सरधुआ थाने के एसआई चंद्रमणि पांडेय ने ज्ञानेंद्र द्विवेदी पुत्र राजनारायण निवासी तीर धुमाई गंगू को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

चौकी प्रभारी खंडेहा विनय विक्रम सिंह ने सुरेश पुत्र नत्थू प्रसाद निवासी बरिया को 35 क्वार्टर देशी शराब व मानिकपुर थाने के एसआई मुकेश सिंह परिहार ने आनंद कुमार उर्फ़ झुल्लू कोल पुत्र रज्जा कोल निवासी आमरपुरवा मजरा ऊंचाड़ीह को 30 लीटर कच्ची शराब, दो क्विंटल लहन व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया।

## खोवा और मिठाई के नमूने जांच को भेजे

**चित्रकूट।** होली पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में दुकानों में छापेमार कार्रवाई की। राजापुर में नायब तहसीलदार एवं पुलिस बल के साथ खोवा एवं मिठाई के तीन नमूने इकट्ठा किए गए।

दुकानों का निरीक्षण भी किया गया। सहायक आयुक्त डॉ. सीआर प्रजापति ने बताया कि प्रवर्तन टीम ने पेड़ा, पनीर, रिफाइंड तेल, सरसों तेल, कचरी, दूध, दही, खोया आदि के 25 नमूने संग्रहीत किए हैं। इनको जांचके खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## होली आई रे...


होली की छुट्टी होने के पूर्व स्कूलों के साथ-साथ कार्यालयों में भी रंग-गुलाल की बहार रही। कर्वी ब्लॉक कार्यालय में होली की छुट्टी होने से पहले शनिवार को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, खंड विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाया और मिठाई खिलाई। एक-दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। ● अमृत विचार

## एक अप्रैल से चलेगा दस्तक अभियान

कार्यालय, चित्रकूट

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के तहत शनिवार को अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि अभियान का पहला चरण एक अप्रैल से चलाया जाएगा।

सीएमओ ने बताया कि विभिन्न विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करेंगे। जनजागरुकता कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जीआर रतमेले ने बताया कि दस्तक अभियान 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इसमें आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, क्षयरोग के लक्षण वाले व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां एकत्र करेंगी। बैठक में संबंधित विभागों के प्रतिनिधि, एसीएमओ, सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, सहयोगी संस्था यूनीसेफ व डब्लूएचओ के प्रतिनिधि डॉ. दिलीप द्विवेदी, डॉ. श्याम जाटव, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, ज्योति सिंह, प्रगति चंदेल आदि मौजूद रहीं।


बैठक में जानकारी देते डॉ. भूपेश द्विवेदी। अमृत विचार

आयोजन

भारत जननी परिसर रानीपुर भट्ट में लोक लय समारोह में दिखी बुंदेली परंपरा, कलाकारों ने लूटी वाहवाही

# मैं तो खेली कन्हैया संग फाग, सखी री लाज गई सगरी...

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** भारत जननी परिसर रानीपुर भट्ट में शनिवार को बुंदेली लोक संस्कृति का उत्सव मनाया गया। अवसर था बुंदेलखंड लोक लय समारोह का। बुंदेली माटी के लोकगायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से यह साबित किया कि इस महान गौरवशाली संस्कृति के अनगिनत आयाम हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। दिव्या, संध्या, रचना, वर्षा, जयंती, शांति और पूजा ने समवेत स्वर में अर्चना की। इसके बाद पारंपरिक स्वागत हुआ। इसकी सार्थकता ग्रामोदय विवि के पूर्व संगीत प्राध्यापक लल्लूराम शुक्ला ने बताई कि अंग्रेजों की अफसरी की तर्ज में अब स्वागत गीत की जो परंपरा है, उसकी जगह लोक संस्कृति में पाहिन गीत गाया जाता है।

दिव्या की टीम ने गाया, मोरे घर आए गुइयां, पाहुन मोरे घर आए। एक अन्य प्रस्तुति थी, रामजी की पतली कमरिया, करधनिया भला सोहे, करधनिया भला सोहे हो...। अरुणोदय सेवा संस्थान के शिवशंकर तिवारी, रामशंकर ने बुंदेली लोकगीतों की कई विधाओं की प्रस्तुति दी। शिक्षा का महत्व समझाया...यह तन किसकी बेलरी सब गुन की खान, सर कट्टे गुरु मिले तो भी सस्ता ज्ञान। डेबराई गाकर सबको हास्य रस में डुबोया तो कछियाई से प्रेम का मर्म बताया।

इसके पूर्व लोक संस्कृति पर्यटन विभाग उप्र और गोपाल लोक संगीत कला मंच के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और अमर शहीदों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से की गई। लोकभारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री ब्रजेंद्र पाल, कामदगिरि पीठम् के मुख्य अधिकारी मदन गोपाल दास, अखिलेश आर्येंदु, श्रीकृष्ण और कोआपरेटिव बैंक के जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने लोक कलाकारों की हौसलाफजाई की।

अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई ने सभी का आभार जताया। निदेशक राजदीप और अध्यक्ष डॉ. राजेश सिन्हा ने सभी का स्वागत किया। रीना ने पद्यात्मक संचालन कर कार्यक्रम की सार्थकता को बनाए रखा। हारमोनियम पर लल्लू राम शुक्ल, तबले पर अवधेश कुमार द्विवेदी और ढोलक पर अवधेश प्रसाद यादव ने संगत की।


पाहुन गीत प्रस्तुत करतीं दिव्या, संध्या और अन्य सहेलियां। अमृत विचार


बुंदेली परंपरा के गीत प्रस्तुत करतीं पाठा की लोकगायिकाएं। अमृत विचार


लोकगीत गातीं ज्योति। अमृत विचार

### प्रस्तुतियों में दिखी होली की मस्ती

लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों में होली का रंग रहा। लोक कलाकारों शिवशंकर और रामशंकर ने गाया, मैं तो खेली कन्हैया संग फाग, सखी री लाज गई सगरी तन की...। बांदा से आई उदीयमान लोकगायिका ज्योति सिंह पटेल की प्रस्तुतियों को भी जमकर सराहा गया। होली के रंग में डूबी उनकी प्रस्तुति थी, सिर बांधे मुकुट खेरे होली, सिर बांधे मुकुट...। लोक गायिका सीता ने कृष्ण राधा के बीच होली की तकरार को शब्दों में पिरोया, थोड़ा श्याम कहीं मानो अरे थोड़ा...संग की सखियां आगे निकल गईं हमको अकेली न जानो श्याम थोड़ा। होली के रंग में सराबोर अगली प्रस्तुति को भी जमकर तालियां मिलीं, मथुरा के गलिन गलिन में होली खेल रहे नंदलाल, गोकुल के कुंज गलिन में...।


परिजनों को प्रमाणपत्र देती जानकीकुंड अस्पताल की टीम।

## मरने के बाद भी दुनिया को देख सकेंगी संपतिया देवी की आंखें

**मऊ।** तहसील क्षेत्र के बियावल गांव की महिला किसान संपतिया देवी के परिजनों ने मरणोपरांत उनके नेत्रदान किए। उनके पुत्र शिवनायक सिंह व मनोज कुमार सिंह ने बताया कि माताजी की हार्दिक इच्छा थी कि मरणोपरांत नेत्रों का दान देकर किसी के जीवन में उजाला लाएं। शनिवार को सद्गुरु आई बैंक एसोसिएशन जानकीकुंड के डॉक्टरों की टीम ने आकर प्रक्रिया पूरी की। किसान परिवार का आभार व्यक्त करते हुए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। यह जानकारी भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने दी।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# पीएम मोदी के चित्र वाली पिचकारियों का बच्चों में क्रेज

## चाइनीज पिचकारी और रासायनिक रंगों से परहेज, हर्बल रंग, अबीर-गुलाल की खूब रही डिमांड

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव का ऐलान होने के बाद जहां हर तरफ सियासी पारा चढ़ा हुआ है, वहीं होली के त्योहार पर सियासत का रंग चढ़ता नजर आ रहा है। होली को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकप्रिय सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी समेत कई राजनेताओं के नाम और फोटो लगी पिचकारियां बाजार में बिक रहीं हैं। हालांकि होरियारों के बीच पीएम मोदी और सदर विधायक द्विवेदी के नाम व फोटो वाली पिचकारियों का अधिक भाव मिल रहा है। इस बार त्योहारी बाजार में देशी पिचकारियां और हर्बल रंगों की धूम देखने को मिल रही है। हालांकि चाइनीज पिचकारियां और रासायनिक रंग भी बाजार में बिक रहे हैं, लेकिन उनकी मांग काफी कम है। लोग शरीर को कम नुकसान पहुंचाने वाले रंगों को अधिक पसंद कर रहे हैं।

होली के त्योहार से पहले सजे बाजार से इस बार चाइनीज पिचकारी और रासायनिक रंग गायब हैं। बीते तकरीबन दो दशकों में ऐसा पहली बार देखा जा रहा है कि त्योहार का बाजार देसी में पिचकारियों और हर्बल रंगों की धूम है। हालांकि देसी पिचकारियां चाइना मेड की तुलना में 30 से 40 फीसद तक महंगी हैं। ग्राहक व दुकानदारों का कहना है कि देसी पिचकारियों की सेल से जहां देश की इकोनॉमी देश में रहेगी, वहीं हर्बल रंगों के इस्तेमाल से लोगों को नुकसान भी नहीं होगा। रविवार की रात होलिका दहन के बाद समूचे देश में होली की हुड़दंग शुरू हो जाएगी। होली के बाजार में सियासत का रंग इतना हावी हो चला है कि बाजार में पीएम मोदी समेत सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के नाम और फोटो वाली पिचकारियों के साथ ही कमल गुलाल व भगवा गुलाल की मांग तेजी से बढ़ रही है। शहर के मुख्य बाजार समेत गली मोहल्लों में रंग और पिचकारी की दुकानें गुलजार हो चुकी है। बच्चों को रिझाने के लिए पिचकारियों की श्रंखला में विभिन्न कार्टून करेक्टरर्स के नामों का प्रयोग किया जा रहा है। 95 रुपए कीमत वाली बीन सपेरा पिचकारी बच्चों को खूब भा रही है। वहीं एके-47, एके-56, बांसुरी पिचकारियां भी बाजार में धूम मचाए हुए हैं। वहीं रंग और गुलाल की बात करें तो खुशबूदार गुलाल 10 रुपए पैकेट से लेकर 80 रुपए तक बिक रहा है। वहीं आर्गेनिक गुलाल के नाम से चार रंगों का पैकेट 130 रुपए में बिक रहा है। सब्जी मंडी स्थित सरांय बाजार में नितिन लालवानी, कैलाश भागवारनी, अनिल कुमार, सुनील भागवानी आदि की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ लगी रही।



पिचकारियों व रंगों की खरीदारी करते बच्चे। अमृत विचार



बाजार में सजी पीएम मोदी और भाजपा के चित्र वाली पिचकारियां। अमृत विचार

### केमिकलयुक्त रंगों को खरीदने से बचें

भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार और इंडियन योग एसोशिएशन उत्तर प्रदेश स्टेट चैप्टर कमेटी के मंडल प्रभारी सजल कुमार रेंडर ने प्राकृतिक रंगों के इस्तेमाल पर जागरूकता अभियान चलाया। इसके अंतर्गत यह अभियान आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज, विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजा देवी इंटर कॉलेज, गुरु राम राय पब्लिक स्कूल चिल्ला रोड, भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी श्रीनाथ विहार और रामादेवी पब्लिक स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को रासायनिक रंगों से बचने और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने की सलाह दी। फलों में संतरा, अनार, अंगूर, जामुन, सब्जियों में पालक, चुकंदर, गाजर, टमाटर, हरा, धनिया और फूलों में गेंदा, गुलाब, गुड़हल व टेशू से रंग बनाने का तरीका बताया। इस दौरान बच्चों से संकल्प भी कराया गया।

### सीएम योगी के मुखौटों का क्रेज बरकरार

होली के त्योहार पर आज भी मुखौटों का क्रेज पहले की तरह ही बरकरार है। इससे जहां एक ओर रंगों से चेहरे की बचत होती है, वहीं चेहरा फनी दिखने से इस त्योहार पर आनंद भी खूब आता है। देसी पिचकारी और हर्बल रंगों के साथ ही इस बार होली के त्योहार पर इंडिया मेड मुखौटे भी खूब बिक रहे हैं। इस बार त्योहार पर केजरीवाल मुखौटा गायब है। मोदी-योगी मुखौटे उड़कर बिक रहे हैं। इसमें भी दो क्वालिटी हैं। सस्ते मुखौटे 15 से 30 रुपया है, लेकिन अच्छी क्वालिटी की कीमत 150 से 250 रुपये है।

# शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मनाई होली

**बांदा:** होली का खुमार लोगों पर चढ़ने लगा है। बच्चों के साथ बड़े भी पूरी तरह होली के रंग में रंगने लगे हैं। इसी क्रम में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में होलिका दहन से एक दिन पहले शिक्षक-शिक्षिकाओं ने होली का जश्न धूमधाम से मनाया। अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

रविवार की देर रात पूरे जिले में होलिका दहन होगा। सोमवार से रंगों का त्योहार मनाया जाएगा। होली का असर चैतरफा नजर आने लगा है। शनिवार को तमाम स्कूलों में छुट्टी के बाद बच्चों ने जमकर होली खेली। इसी तरह सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया।

प्रधानाचार्य समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य कर्मचारियों ने मिलकर होली मनाई। प्रधानाचार्या अमिता सिंह जी ने होलिया में उड़त गुलाल कह दो गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाई और गुझिया खिलाकर होली की बधाई दी। शिक्षिका भावना, सुमन, करूणा, सुनीता आदि ने भी होली गीत प्रस्तुत किए। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य ने सभी को होली की बधाई देते हुए प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।



होली के रंगों में सराबोर शिक्षिकाएं। अमृत विचार

- अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को दी शुभकामनाएं



बाजार में बिकती रंग-बिरंगी कचरी। अमृत विचार

# महंगाई की मार के बीच कर रहे होली की खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बनारसी व पंजाबी मसाला पापड़ की मांग अधिक

**अमृत विचार:** एक वह समय था जब रंगों के त्योहार होली पर लोग तकरीबन एक माह पहले से पकवानों की तैयारी करते थे। आलू और साबूदाना के चिप्स और पापड़ घर पर ही तैयार किये जाते थे। जहमत से बचने के लिये अब लोग इन्हें घर पर तैयार करने की बजाय बाजार से खरीदना ज्यादा पसंद करते हैं। बाजार में केला, चना, मैदा के पापड़, मैदा की कचरी, चावल की कटोरी, जाली, व्हील, साबूदाना के पापड़, चिप्स, जलेबी, चिप्स समेत ढाई दर्जन से भी ज्यादा वैरायटी बाजार में आ चुकी हैं। हालांकि इस बार चिप्स और पापड़ में 10 से 20 फीसदी प्रति किलो की बढ़ोत्तरी हुई है।

होली का त्योहार पर रंग और पिचकारी की तरह ही पकवानों के बिना अधूरा है। बिना स्वादिष्ट गुझिया के तो इस त्योहार की कल्पना भी व्यर्थ है। कचरी और पापड़ इस त्योहार में चार चांद लगाने का काम करते हैं। त्योहारी बाजार इस समय रंग-बिरंगी कचरी, चिप्स और पापड़ से सजी है। हालांकि यह बाजार काफी हद तक लोगों की जेब भी ढीली कर रही है। होली की बाजार में चिप्स, पापड़ और कचरी के नये-नये आइटम लोगों को खूब लुभा रहे हैं। बनारसी आलू पापड़ और पंजाबी मसाला पापड़ के साथ साबूदाना से बने उत्पाद दम से बिक रहे हैं। साबूदाना के तीन स्वाद में आये चिप्स ग्राहकों को काफी पसंद आ रहे हैं। साबूदाना से बने लाल मिर्च, लहसुन और जीरा के चिप्स ग्राहकों को लुभार रहे हैं। बाजार में चिप्स, पापड़ और रंग बिरंगी कचरी 60 से लेकर 200 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहे हैं। बाजार में ब्रांडेड कंपनियों के चिप्स और पापड़ की खरीददारी लोग होली पर घर आने वाले मेहमानों का स्वागत करने को खरीद रहे हैं, हालांकि यहां ऐसे ग्राहकों की संख्या गिनी-चुनी है। इसके अलावा केला, चना, मैदा के पापड़, मैदा की कचरी, चावल की कटोरी, जाली, व्हील, साबूदाना के पापड़, चिप्स, जलेबी, चिप्स समेत तमाम वैरायटी बाजार में आ चुकी हैं।

# डीएम ने डीसीसी का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार:** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलक्ट्रेट में खोले गए जिला स्तरीय कंट्रोल सेंटर (डीसीसी) का जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कंट्रोल सेंटर में तैनात कर्मचारियों से निर्वाचन संबंधी आने वाली शिकायतों के बारे में जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शनिवार को लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने केलिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलक्ट्रेट में खोले गए डिस्ट्रिक कंट्रोल सेंटर, सी-विजल, शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर तथा मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) सेल का निरीक्षण किया। पटलों का निरीक्षण करते हुए निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी से काम करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन शिकायत को संबंधित डिस्ट्रिक कंट्रोल सेन्टर में टोल फ्री नंबर 1950 पर तथा निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित किये गये सी-विजल एप पर की जा सकती है। सभी समस्याओं पर संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम राजेश कुमार, एडीएम (नमामि गंगे) व प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी मनोज कुमार श्रीवास्तव आदि थे।



कंट्रोल रूम का निरीक्षण करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

# नाबालिग की शादी कराने पर माता-पिता के खिलाफ रिपोर्ट

**नरैनी:** नाबालिक पुत्री की शादी कराने वाले माता पिता के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने माता-पिता से शपथ पत्र लेकर किशोरी को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया।

गिरवा थाना क्षेत्र के बरसड़ा बुजुर्ग गांव निवासी संतोष आरख ने पुत्री काजल की सगाई 16 वर्ष छह माह की उम्र में कर दी। जिला बाल संरक्षण समिति ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को पत्र भेजकर दोषी माता पिता के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बालिका के सभी शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पड़ताल की। जांच में बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम मिली।

# बालू खदान पर छापा मार लाखों का जुर्माना लगाया

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनावों के ऐलान के बाद लागू आदर्श आचार संहिता के बीच जहां एक ओर प्रशासनिक अमला चुनावी तैयारियों को पूरा करने में व्यस्त है, वहीं बेखौफ बालू माफिया पूरी तरह से मनमानी पर आमादा हो गए हैं। बालू खदानों में धड़ल्ले से अवैध खनन और परिवहन के साथ ओवरलोडिंग का खेल चल रहा है। हालांकि जिलाधिकारी के निर्देश पर खदानों में छापा मार कार्रवाई के जरिए हकीकत को परखा जा रहा है और अवैध खनन मिलने पर भारी भरकम जुर्माना भी ठोंका जा रहा है। लेकिन बालू माफिया अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं।

खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए चर्चित रही तेज तर्रार जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के निर्देश पर संयुक्त टीम ने कमासिन क्षेत्र में संचालित दादौं खदर बालू खदान के गाटा संख्या 38, 40, 41 व 40 के खंड संख्या 7 पर छापा मार कार्रवाई की और व्यापक पैमाने पर अवैध खनन और परिवहन पाया। बताया गया है कि दादौंखादर खंड संख्या 7 मे. फाल्गुन गिरि मानइन्स के पार्टनर आलोक कुमार शुक्ला के पक्ष में स्वीकृत है। जिसमें निर्धारित रकबा 12 हेक्टेयर में नियमानुसार खनन की अनुमति है। छापा मारने पहुंची संयुक्त टीम को मौके पर निर्धारित ईएमएम-11 के सापेक्ष स्वीकृत क्षेत्र से 2698 घनमीटर बालू का अतिरिक्त खनन और परिवहन मिला। जिसके एवज में अनुज्ञाधारक के खिलाफ 24 लाख 28 हजार 200 रुपए का जुर्माना अधिरोपित करने का नोटिस जारी किया गया है। ऐसे ही सदर क्षेत्र की पथरी बालू खदान में टीम ने कार्रवाई करते हुए 1354 घनमीटर का अवैध खनन पाया, जिसके एवज में पट्टाधारक अवधेश त्रिपाठी के खिलाफ 17 लाख 18 हजार 600 रुपए का जुर्माना अधिरोपित करने का नोटिस जारी किया है।



बालू खदान की जांच करने पहुंचे अधिकारी। अमृत विचार

- दादौंखादर खंड-7 पर 24 लाख रुपये के जुर्माने का नोटिस जारी

# बदौसा व अतर्रा में दो लोगों ने फांसी लगाकर चुनी मौत

**बांदा:** बदौसा व अतर्रा थाना क्षेत्र में दो ने फांसी लगाकर जान दे दी। बदौसा थाना क्षेत्र के खटेहटा पुरवा निवासी मंजू देवी (32) पत्नी बुद्धविलास ने शुक्रवार की रात कमरे के अंदर छत के छल्ले पर रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। शनिार को सुबह सुबह पति ने उसका फंदे पर लटकता देखा। इसी थाना क्षेत्र के ढूंढ़ापुरवा निवासी मृतका के भाई बुद्ध विलास ने बताया कि उसकी बहन की शादी 13 वर्ष पहले हुई थी। उसके दो पुत्र है पति शराब और जुए का आदी है। पति आए दिन नशा करके मंजू से झगड़ा करता था। पति जमीन बेचने की धमकी देता था। उसके पास सात बीघा जमीन है। आए दिन हो रहे झगड़े और नशेबाजी से परेशान मंजू ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उधर, अतर्रा थाना क्षेत्र के सुलक थोक निवासी सुनीता (14) पुत्री अच्छेलाल ने गुरुवार शाम घर में धन्नी में दुपटटा से फांसी लगा जान दे दी। पिता ने शव लटकता देखा। चाचा ने बताया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।



# बिना अनुमति चुनाव के विज्ञापनों का प्रकाशन नहीं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के सकुशल निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानीटरिंग कमेटी एमसीएमसी की जिला स्तरीय बैठक में कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। एमसीएमसी प्रभारी ने बताया कि अनुमति बगैर कोई भी प्रत्याशी विज्ञापन प्रकाशित नहीं कराएगा।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में शनिवार को मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानीटरिंग कमेटी एमसीएमसी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी व एडीएम (नमामि गंगे) मनोज श्रीवास्तव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए कहा गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शों का भलीभांति अध्ययन कर कार्यो को संपन्न कराए। प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कोई भी विज्ञापन अथवा प्रचार सामग्री बिना एमसीएमसी की अनुमति प्राप्त किए प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रकाशित या चलाया नहीं जाएगा। उन्होंनें कहा कि निर्वाचन आयोग के अनुसार निर्धारित अवधि में अनुमति देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव के दौरान पेड न्यूज और भ्रामक समाचारों पर भी पैनी नजर रखने के निर्देश कर्मचारियों को प्रशिक्षण में दिए। उन्होंने बताया कि एमसीएमसी सेल का संचालन कलेक्ट्रेट में किया जा रहा है। प्रशिक्षण में ड्यूटी में तैनात किए गए कर्मचारी मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते एमसीएमसी प्रभारी। अमृत विचार

- एमसीएमसी की बैठक में कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

## सार-संक्षेप

### पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम

**बांदा :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के निर्देश पर किया गया। कुमारी अंशिका गुप्ता, कुमारी आस्था ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता के निर्णायक डॉक्टर संदीप सामंत सिंह, डॉक्टर सचिन मिश्रा और डॉक्टर आदित्य प्रताप सिंह रहे।इस अवसर विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान डॉक्टर सपना सिंह, डॉक्टर सबीहा रहमानी, डॉक्टर जयंती सिंह और डॉक्टर जयप्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

### हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत

**बांदा :** अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत हो गई। जबकि महिला समेत दो लोग घायल हो गए। फतेहगंज थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गांव निवासी मुन्ना (45) अपनी पत्नी ललिता (40) के साथ कर्वी (चित्रकूट) निवासी पुत्री की ससुराल चकला चकौध से गुरूवार की शाम बाइक पर गांव लौट रहे था। तभी सीतापुर के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से आमने सामने भिडंत हो गई। बाइक सवार दंपति घायल हो गए। दोनो को कर्वी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरो ने ललिता को प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजनो ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान शुक्रवार की रात मौत हो गई। उधर, गिरवां थाना क्षेत्र के बनसखा गांव निवासी अंकित (21) पुत्र शिवप्रताप अपने चचेरे भाई शीलू (25) के साथ अपने मौसी के घर बिसंडा थाना क्षेत्र के पुनाहुर गांव दरवाजा बनाने की नाप लेने गया था। शुक्रवार की शाम बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी अतर्रा थाना क्षेत्र के सेमरिया मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। दोनों बाकि सवार घायल हो गए। उन्हें सीएचसी अतर्रा में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरो ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। शीलू को गंभीर हालत मे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर परिजनो ने उसे शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक के पिता ने बताया कि अंकित फर्नीचर मिस्त्री था।

### तमंचे के साथ फोटो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

**बांदा :** तमंचा के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करना युवक को मंहगा पड़ गया। पुलिस ने वायरल फोटो का संज्ञान लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बिसंडा थाना पुलिस ने फोटो का संज्ञान लेते हुए युवक की तलाश शुरू कर दी।

समारोह — हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की दो छात्राओं को दी स्कॉलरशिप, भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में आयोजन

# होनहार मेधावियों के साथ सम्मानित हुए खिलाड़ी छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** इल्यूमिनेशन सेलिब्रेटिंग एचीवमेंट टू इल्यूमीनेट द फ्यूचर कार्यक्रम के तहत भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विद्यालय के होनहार मेधावियों के साथ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की दो छात्राओं को क्रमशरू 7500 व 15000 रुपये की स्कालरशिप प्रदान की गई।

चिल्ला रोड श्रीनाथ विहार स्थित भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। आर्यावर्त बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज गुप्ता, महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डा. दीपाली गुप्ता और भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी संस्थापक सदस्य रामलखन कुशवाहा और प्रधानाचार्य वृंदा विजय जिनराल होनहार मेधावियों के साथ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत होने वाले छात्र-छात्राओं में वॉलीवाल प्रतियोगिता में श्रेयांशी, अंजली, वूमेन खो-खो लीग में वंदना व लक्ष्मी, नेशनल खो-खो में अंशुल यादव व अमन यादव व नेशनल खो-खो में प्रांशी यादव, नेशनल शूटर अंश प्रजापति शामिल रहे। इनके अलावा पूरे शैक्षिक सत्र में अपनी शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राओं को राइजिंग स्टार उपाधि दी गई। सीबीएसई बोर्ड में कालेज टाप करने वाली छात्राओं को आरके सिन्हा व भागवत प्रसाद स्कालरशिप दी गई। इनमें हाईस्कूल की छात्रा मानशी कुशवाहा को 7500 और इंटरमीडिएट की छात्रा शिवानी सिंह को 15000 रुपये की स्कॉलरशिप व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। नामित चेयरमैन अंकित कुशवाहा, निदेशिका संध्या कुशवाहा व चेयरमैन शिवशरण कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय संस्थापिका ट्रस्टी शिवकन्या कुशवाहा ने सभी का आभार जताया। संचालन निहिल जैन एवं हर्षिता द्विवेदी ने किया।





मेधावियों को पुरस्कृत करतीं महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डी. दीपाली गुप्ता।

# पांच किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

**कमासिन:** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों और शातिर अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर थाना पुलिस जमरेही चौराहा के पास चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी बाइक में नवल सिंह निवासी लोहरा और हिस्ट्रीशीटर विक्रम सिंह उर्फ दिगंबर सिंह निवासी लोहरा आते दिखे। पुलिस ने बाइक की तलाशी में डिग्गी से पांच किलोग्राम सूखा गांजा बरामद किया। इसी बीच मौका पाकर विक्रम भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक श्रषिदेव सिंह ने बताया कि वांछित अभियुक्त की तलाश जारी है।

### तीन ने जहर खाया

**बांदा :** शहर कोतवाली क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी अनीता (30) ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। देहात कोतवाली के महोखर गांव निवासी दीपक (18) पुत्र सुखलाल ने शुक्रवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर के कांशीराम कालोनी निवासी मीना (35) पत्नी साकिब ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

**सूचना**

I am Vipin Singh, Son of Narendra Singh, R/O village-post Beera, Teh, Baberu, dis-Banda, UP-210125, my mother's correct name in my service record whose number is- 16023732L, rank- NK is Sadhna Singh, Which is mentioned in all her documents, but in my service record her name is Sadhana Singh, which is wrong. Therefore, on the basis of the above documents, my mother's name should be changed from Sadhana Singh to Sadhna Singh.




सुन्नी

इफ्तार (रविवार) 06:30 बजे | सहरी (सोमवार) 04:43 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**महोबा।** शहर कोतवाली और कबरई थाना पुलिस टीम ने एक-एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा उपनिरीक्षक आशिक अली के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान कोतवाली में पंजीकृत अभियुक्त लल्लू कुशवाहा (35) निवासी ग्राम ग्याढ़ी खन्ना को हमीपुर चुंगी महोबा से पकड़ा है। इसी प्रकार थानाध्यक्ष कबरई वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक रामकिशन, सिपाही ब्रजेश कुमार गौतम ने मुखबिर की पर वांछित अभियुक्त जगदीश पुत्र राजाराम निवासी कबरई को ग्राम बीला मोड के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा दोनो अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया है।

# पुलिस और सीआरपीएफ ने किया पैदल मार्च

## प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में संवेदनशील स्थलों का भी लिया जायजा, लोगों से की बातचीत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर लोग निर्भीक होकर मतदान करने के लिए शहर के अलावा क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। अर्द्ध सैनिक बलों के साथ प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोबा ने विभिन्न संवेदनशील स्थलों में संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को बिना भय के मतदान करने का संदेश भी दिया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही जिले में पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत शनिवार को उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोबा के नेतृत्व में केंद्रीय पुलिस बल के साथ कोतवाली नगर के क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील मोहल्लों ग्रामों बल्नरेविल, क्रटिकल ग्रामों में संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च कर चप्पे-चप्पे में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों और अराजकतत्वों को चेक करते हुए हिदायत दी गई।


फ्लैग मार्च करता अर्द्धसैनिक बल। अमृत विचार

2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग द्वारा महोबा में शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया संपादित कराए जाने के लिए सीआरपीएफ की एक कंपनी का जनपद में आगमन पर सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए इस महा पर्व में जनता से निर्भीक होकर निष्पक्ष तरीके से मतदान करने की अपील भी की गई।

# चुनाव: पेड न्यूज पर नजर रखने को कमेटी गठित

कार्यालय संवाददाता महोबा

- कमेटी के अध्यक्ष जिला निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम बनाए गए सदस्य

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में पेड न्यूज, इलेक्ट्रानिक, प्रिंट एवं शोसल मीडिया से संबन्धित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए जिला स्तरीय मीडिया सर्टीफिकेशन मानीटरिंग कमेटी का गठन किए जाने का आदेश जारी किया है। गठित मीडिया सर्टीफिकेशन एवं मानीटरिंग कमेटी के अध्यक्ष जिला निर्वाचन अधिकारी महोबा रहेंगे।

उपजिलाधिकारी महोबा जितेंद्र कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद एवं दूरदर्शन आकाशवाणी के प्रतिनिधि अमित श्रोती और प्रभारी सूचना अधिकारी मृत्युंजय नारायण मिश्रा, व्याख्याता आईटी राजकीय महिला पालीटेक्निक चरखारी शोसल मीडिया एक्सपर्ट को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए कमेटी के सदस्यों को निर्देश दिया है कि निर्वाचन दौरान प्राप्त समस्त प्रकरणों का निस्तारण आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुरुप करेंगे।

यह कमेटी पेड न्यूज पर विशेष ध्यान देगी, जिससे कि चुनाव दौरान किसी भी तरह की पेड न्यूज का प्रकाशन न हो सके।

# भाजपा ने कराया रेल लाइन का दोहरीकरण


कार्यक्रम में मौजूद निवर्तमान सांसद विधायक व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पालिका बोर्ड गठन से अब तक के पूर्व और वर्तमान चेयरमैन सभासद रहे मौजूद

**अमृत विचार।** शहर के एक पैलेस में हमीरपुर महोबा संसदीय क्षेत्र के निर्वतमान सांसद कुं. पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर नगर पालिका गठन के बाद से अब तक के नगर पालिका अध्यक्षों और सभासदों को बुलाया गया, जिसके चलते पैलेस का हाल खचाखच भर गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंदेल ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, कानपुर सागर फोर लेन, झांसी मानिकपुर रेल लाइन दोहरीकरण के साथ साथ इलेक्ट्रिक रेल लाइन की सुविधा भाजपा सरकार की देन है, जिससे अब पैसेंजर रेल से झांसी तक का सफर तीन घंटे से कम और एक्सप्रेस रेल से 2:20 मिनट में तय होने लगा है। इससे यात्रियों को रेल यात्रा करने में पैसा और समय दोनों की बचत हो रही है।

सांसद ने कहा कि आज यहां पर नगर पालिका बोर्ड के गठन के बाद से अब तक बने नगर पालिका महोबा के अध्यक्षों और सभासदों को इसलिए भी बुलाया गया है कि वह भाजपा सरकार में जिले के विकास कार्यों को देखते हुए अपने अपने क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी का समर्थन करें, जिससे जिले का और अधिक विकास हो सके। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अलग राज्य का मुद्दा, महोबा से वाया राठ होते हुए उरई रेल लाइन बिछाए जाने, केन बेतवा रिवर लिंक परियोजना, सुमेरपुर में केंद्रीय विद्यालय, ग्रीन एक्सप्रेस-वे जैसे तमाम मुद्दे संसद में उठाए, जिसका लाभ क्षेत्र वासियों को मिल रहा है और कुछ परियोजनाओं का कार्य निर्माणाधीन है।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों को पक्के मकान, हर घर जल, किसानों को मुफ्त सिंचाई और महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त सिलेंडर के साथ गैस भी दी जा रही है। उन्होंने आए हुए नगर के पूर्व चेयरमैनों और सभासदों से भाजपा के प्रत्याशी का समर्थन किए जाने की अपील की है। कार्यक्रम में सदर विधायक राकेश गोस्वामी, हमीरपुर महोबा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष महोबा संतोष चौरसिया, पूर्व चेयरमैन मुन्नीदेवी, भरोसी अनुरागी, पुष्पा अनुरागी, राजकुमारी अनुरागी, दिलाशा सौरभ तिवारी सहित तमाम पूर्व चेयरमैन और भारी संख्या में पूर्व और वर्तमान सभासद उपस्थित रहे।

# सात साल की उम्र में बच्चे ने रखा रोजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कम उम्र में रोजा रखकर बच्चे ने बड़ों को भी दी रोजा रखने की नसीहत

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान में अल्लाह तआला रोजेदार को बेहद सब्र अता करता है और रोजेदार को गैब से ताकत देता है। यही वजह है कि तेज धूप और गर्मी के बीच छोटे छोटे बच्चों में भी रोजा रखने का जज्बा पैदा हो गया है। 12 साल से लेकर ज्यादातर बच्चे रोजा रख रहे हैं। इन्हीं रोजेदारों को देखते हुए कस्बा कुलपहाड़ के सात साल के बच्चे ने पहली बार रोजा रखा। तेज धूप और गर्मी के चलते जब प्यास की सिद्दत का अहसास हुआ तो वह कुरान की तिलावत में मशगूल हो गया।


अलनियाज।

कस्बा कुलपहाड़ के मोहल्ला सतियनपुरा निवासी अलनियाज अहमद ने सात साल की उम्र में पहली दफा रोजा रखा। उम्र काफी कम होने के कारण मां बाप ने उसे रोजा रखने की इजाजत नहीं दी, लेकिन बच्चा जिद कर बैठा, जिससे मजबूर होकर मां बाप को बच्चे को रोजा रखने की इजाजत देनी पड़ी। बच्चे ने परिवार के साथ रात को चार बजे जागकर सहरी की और रोजे की नियत कर रोजा रखा। इतना ही नहीं रोजा रखने के बाद उसने शाम को अपने मां बाप के साथ बैठकर इफ्तार किया।

# अज्ञात शव मिला पुलिस शिनाख्त करने में जुटी

**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम विजयनगर में एक पेड़ पर अज्ञात शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करा रही है।

गौरतलब है कि ग्राम विजयनगर में गांव के बाहर एक पेड़ में शव लटकता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंचे भत्तीपुरा चौकी प्रभारी सातवेंद्र सिंह भदौरिया ने शव को नीचे उतारने के बाद शव को कब्जे में ले लिया है और उसकी शिनाख्त कराई जा रही है मृतक कहां का है इस का पता लगाने में पुलिस जुट गई है। चौकी प्रभारी भटीपुरा का कहना है शव फांसी पर लटका मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतारने के बाद उसकी शिनाख्त कराई जा रही है। अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# 150 लोगों ने थामा भाजपा का दामन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** इस दफा लोकसभा चुनाव से पहले विभिन्न दलों से भागकर भाजपा में शामिल होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक आए दिन दूसरे दलों से आने वाले कार्यकर्ताओं को भाजपा की टोपी और भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सपा, बसपा सहित विभिन्न दलों से आए एक सैकड़ा कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा कार्यालय महोबा में शनिवार को मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि बीके साहू रहे। पूर्व ब्लाक प्रमुख करन राजपूत ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए भाजपा का पटका



मिलन समारोह में मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

पहना कर जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। पूर्व ब्लाक प्रमुख पनवाड़ी डीएल यादव को मुख्य अतिथि ने पट्टिका पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई साथ में समाजवादी पार्टी सहित विभिन्न दलों के करीब 150 से अधिक पूर्व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर ज्वॉइनिंग कमेटी के संयोजक चक्रपाणी त्रिपाठी ने कहा कि डूबते जहाज में अब कोई सवार नहीं होना चाहता है। लोग समझ गए है कि उनका भविष्य किस दल में सुरक्षित है और किस दल का अब महत्व है, इसलिए दूसरे दलों को छोड़ने की होड़ सी लग गई है । इस मौके पर लोकसभा संयोजक डॉक्टर संतोष चौरसिया, जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे, पूर्व जिला महामंत्री संदीप शुक्ला मौजूद रहे।

# खाद्य पदार्थों के नमूने भरे गए

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- डीएम के निर्देश पर खाद्य विभाग ने चलाया अभियान

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महोबा के आदेश के तहत जिले में खाद्य विभाग की टीमों द्वारा जगह जगह होली पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य एवं पेय पदार्थ, खोवा, पनीर, दुग्ध उत्पान से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, कचरी, पापड़, चिप्स, नमकीन सहित विभिन्न प्रकार की मिठाइयों में मिलावट को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा चलाए गए अभियान से दुकानदारों व अन्य व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा ने खाद्य विभाग टीम के साथ शनिवार को विशेष अभियान चलाया। अधिकारियों की टीम के घूमने की खबर लगते ही खाद्य सामग्री से जुड़े दुकानदार दुकानों में ताला डाल करा खिसक गए, वहीं कुछ खोवा विक्रेताओं ने खोवा झोले में डालकर इधर उधर खिसक गए। खाद्य विभाग की टीम ने कबरई के छंगा तिराहा से खोवा का नमूना संग्रहित किया। इसके अलावा दो मिठाई की दुकानें बिना खाद्य लाइसेंस के चलते पाई गईं, जिन्हें तत्काल नोटिस दिया गया, साथ ही उनसे कहा गया कि अपना खाद्य पंजीयन लेकर कार्यालय में उपस्थित हों।


मिठाई की दुकान में खोवा का नमूना लेती टीम। अमृत विचार

महोबा नगर पालिका क्षेत्र, श्रीनगर और कबरई से कुल छह नमूने लिए गए, जिनमें से तीन खोवा, एक मैदा, एक एक सूजी और पेड़ा का नमूना शामिल है। खाद्य विभाग टीम द्वारा चलाए गए अभियान के चलते दूध डेयरी दुकानदार, साइकिल मोटर साइकिल में बेचने वाले दूध विक्रता भी डरे सहमे रहे और इधर उधर छिपते दिखाई दिए। कई डेयरी दुकानदारों ने चेकिंग के भय से दुकानों में ताला डाल दिया और घर निकल गए।

# गेहूं खरीद केंद्रों पर नहीं आ रहे किसान, सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता महोबा

- जिले के सभी 49 क्रय केंद्रों पर विभाग द्वारा कर दी गई बारदाना की व्यवस्था

**अमृत विचार।** जिले में चयनित सभी स्थानों पर गेहूं क्रय केंद्र खोल दिए गए हैं। लेकिन केंद्र खुलने के बाइस दिन बीत जाने के बाद भी आज तक क्रय केंद्रों गेहूं का एक दाना नहीं आया।

शासन की निर्देश पर इस साल 1 अप्रैल की बजाय 1 मार्च को जिले में 49 गेहूं क्रय केंद्र बेलाताल, श्रीनगर चरखारी, कुलपहाड़, पनवाडी, खरेला सहित विभिन्न स्थानों पर खोल दिए गए थे क्रय केंद्रों में गेहूं खरीद के लिए बारदाना भी उपलब्ध करा दिया गया था। इतना ही नहीं सभी केंद्रों में कर्मचारी भी तैनात कर दिये गए थे। केंद्रों में साफ सफाई कर पानी छाया की भी व्यवस्था की गई थीलेकिन 23 दिन तक क्रय केंद्रों में कर्मचारियों के बैठने के बाद आज तक कोई भी गेहूं बिक्री करने के लिए नहीं लाया।

मालूम हो कि बुंदेलखंड में गेहूं की फसल देर से आती है किसान आजकल गेहूं की कटाई और मड़ाई में जुटा हुआ है जबकि अभी तक वह मटर चना मसूर की फसल को सहेजने में जुटा था इससे निपटने के बाद अब किसान गेहूं की फसल की कटाई में जुट गया है किसानों का कहना है कि तीन-चार दिन बाद गेहूं क्रय केंद्रों पर पहुंचने लगेगा। केंद्रों में किसानों को ठंडा पानी और पशुओं को बैठने के लिए छाया की भी व्यवस्था की गई है।

# छात्र-छात्राओं ने जमकर खेली होली

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** होली पर्व को लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। शनिवार को विद्यालयों की छुट्टी होने के बाद स्कूली बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाकर जमकर गुलाल उड़ाया। छात्र-छात्राओं के कपड़े रंगों से सराबोर हो गए। बच्चों ने होली की छुट्टी होने से पहले ही विद्यालयों में एक दूसरे पर रंग डालकर अबीर गुलाल लगाकर होली का लुत्फ उठाया।

गौरतलब है कि रविवार को होलिका दहन किया जाएगा। युवाओं ने इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली है। जिले में कस्बों के अलावा गांव गांव में होलिका दहन के लिए लकड़ी, झाड़ फन्नूस एकत्र कर लिया गया है। होली स्थलों पर झंडी लगाकर भव्य सजावट की गई है। कई स्थानों पर रंग बिरंगी बिजली की झालर भी लगाई गई हैं।


होली खेलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- एक दूसरे को अबीर- गुलाल और रंग से किया सराबोर

शहर के मोहल्ला हवेली दरवाजा, सिंहभवानी, नगर पालिका के सामने, छलैतनपुरा, मलकपुरा सहित विभिन्न स्थानों पर हाली जलाई जाती है, इसके अलावा ग्रामीण अंचलों में भी होलिका दहन किया जाता है, इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

शनिवार को स्कूलों, इंटर कालेजों और महाविद्यालयों में होली पर्व की छुट्टी बोले जाने के कारण छात्र-छात्राएं सुबह ही विद्यालय, कालेजों में पहुंचने से पहले अबीर गुलाल और रंग का इंतजाम करके ले गए थे। जैसे ही स्कूल की छुट्टी हुई बच्चों ने स्कूल मैदान में ही रंग निकालकर एक दूसरे को सराबोर कर दिया। कुछ बच्चों ने कपड़ों और चेहरे पर भी रंग लगाया।

**उत्सव** | राधा-कृष्ण बांसुरी की धुन सुनकर दर्शकों ने लिया आनंद , अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने होली के पावन पर्व पर कराया आयोजन

# रंगोत्सव में छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुति, लोगों ने बजाई तालियां

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने होली के पावन पर्व पर रंगोत्सव एवं ब्रजहोली समारोह कार्यक्रम का आयोजन वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा में किया, जहां पर छात्राओं ने होली गीत पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। करीब दो घंटे तक चले कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी गई। राधा-कृष्ण की बांसुरी की धुन बेहद सराही गई।

राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सुशील बाबू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से छात्राओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है साथ ही उनमें उत्साह भी बढ़ता है। इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि होली पर्व बुराइयों को दूर करते हुए अच्छाइयों को गले लगाने वाला त्योहार है। इस त्योहार में लोग एक दूसरे के गिले सिकवे भुलाकर गले मिलते हैं।



समारोह में नृत्य करतीं छात्राएं। अमृत विचार

इस मौके पर मां चंद्रिका महिला महाविद्याल की प्राचार्य ज्योति सिंह ने कहा कि होली एक ऐसा त्योहार है जो पूरे भारत में ऊर्जा और खुशी के साथ मनाया जाता है। लोग त्योहार में एक साथ मिलते हैं, जो एकता, सद्भाव और खुशी को बढ़ावा देता है। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक के जिला कार्यवाह प्रमोद, नगर प्रचारक शिवजी, राजमणि त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी रोहित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# निबंध में रीतिका व भाषण में साक्षी ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में प्रहलाद जूनियर हाईस्कूल रामनगर महोबा में भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए अपनी कला को प्रदर्शित किया। भाषण प्रतियोगिता में साक्षी और निबंध प्रतियोगिता में रीतिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को परिषद की तरफ से पुरस्कार दिया गया।

प्रहलाद जूनियर हाईस्कूल में शनिवार को आयोजित भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का कक्षा पांच से लेकर कक्षा आठ तक के करीब 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।


छात्रा को प्रमाण पत्र देते परिषद के जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

प्रतिभागियों ने अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से निबंध के विषय पर लिखा साथ ही भाषण दिए। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा सात की रीतिका ने पहला, कक्षा छह की साधना ने दूसरा और कक्षा सात की शिवानी ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कक्षा आठ की साक्षी ने प्रथम, कक्षा सात की रीतिका ने द्वितीय व कक्षा आठ की राधिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। परिषद के जिलाध्यक्ष द्वारा विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए परिषद के जिलाध्यक्ष पं. जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से विद्यार्थियों के अंदर छिपा भय खत्म होता है और प्रतिभा में निखार आता है। छात्र छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का दायित्व शिक्षकों का है और इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए छिपी प्रतिभागों को उजागर करते हुए छात्र छात्राओं का उत्सहवर्द्धन बढ़ाते रहना चाहिए।

# स्वास्थ्यकर्मी ने कर्मचारी पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- थाने में तैनात एक दरोगा ने धमका कर कराया समझौता

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मी ने स्वास्थ्य विभाग के एक युवक पर जबरन शादी करने का दबाव बनाने व आये दिन छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली व एसपी को शिकायती पत्र देकर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

महिला स्वास्थ्य कर्मी ने कोतवाली में तैनात एक दरोगा पर भी मामले को दबाने व जबरन समझौता कराने का आरोप लगाया है। महिला स्वास्थ्य कर्मी ने एसपी प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सीएचओ के पद पर तैनात है। बताया कि स्वास्थ्य विभाग में तैनात एक युवक ने झूठ बोलकर उससे उसका मोबाइल नंबर ले लिया। बताया कि अपनी जाति छुपा कर एवं बहला फुसलाकर उससे मित्रता कर ली। बताया कि आरोपी युवक उस पर लगातार शादी करने का दबाव बनाते हुए उसे प्रताड़ित कर रहा है। बताया कि आरोपी युवक ड्यूटी जाने के दौरान उसका जगह जगह पीछा भी करता है। बताया कि उसने राठ कोतवाली में आरोपी युवक के विरुद्ध लिखित तहरीर दी थी। परंतु कोतवाली में तैनात एक दरोगा ने मामले को दबाते हुए और उसे धमकाकर आरोपी युवक से उसका समझौता करा दिया। बताया कि समझौता कराने के बाद भी आरोपी युवक उसके पीछे पड़ा हुआ है और उसका जीना दूभर किये हुए हैं। उसने बताया कि आरोपी युवक की प्रताड़ना से वह परेशान है।

# भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



बलिदानियों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

- पुण्यतिथि पर वर्णिता संस्था की ओर से गोष्ठी का किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** जंग-ए-आजादी में देशभक्तों के अभीष्ट योगदान को देखते हुए वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत जरा याद करो कुर्बानी के तहत देश की आजादी के संघर्ष के बलिदानी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस मौके पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि ये तीनों शहीद सही मायने में मां भारती के जमीनी जांबाज थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को पंजाब के लायलपुर जिले बंगा नामक गांव में सरदार किशन सिंह और मां विद्यावती के घर हुआ था। ये बचपन से ही क्रांतिधर्मी विचारों के थे। शिक्षा काल में ही भगत सिंह ने भारत नौजवान सभा का गठन कर लिया था। सुखदेव का जन्म 15 मई 1907 को पंजाब के लुधियाना में रामलाल थापर और रल्ला देवी के घर हुआ था। यह कुशल संगठनकर्ता थे। जबकि शिवराम हरि राजगुरु का जन्म 24 अगस्त 1908 को पुणे के खेड़ा गांव में हरिनारायण और पार्वती के घर हुआ था। यह बचपन से ही वीर और साहसी थे। वह तिलक से बहुत प्रभावित थे, एक अच्छे निशानेबाज थे। इन तीनों का अंग्रेज अधिकारी सांडर्स की हत्या, असेम्बली में बम फेंकने सहित कई महत्वपूर्ण क्रांतिकारी घटनाओं में प्रभावी योगदान था। यह हमेशा देश की आजादी के बारे में सोचते थे। तीनों युवावीर गोरों की नजरों मे चढ़े थे। साण्डर्स की हत्या के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लेने के बाद न्याय का नाटक करते हुए तीनों को युवा अवस्था में लाहौर की सेंट्रल जेल में फांसी के फंदे पर झूल कर अमर हो गये। कार्यक्रम में अवधेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, अशोक अवस्थी, बाबू लाल, प्रेम, महावीर प्रजापति, आशीष, कल्लू, दस्सी, भोलू, रिचा और धीरज आदि शामिल रहे।

## समिति में सुमेरपुर के दो कार्यकर्ता नामित

**सुमेरपुर।** कस्बे के दो कार्यकताओं को पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश चुनाव प्रबंध समिति में जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी है। उन्होंने दोनों को बधाई दी है। लोकसभा चुनाव में संगठन को मजबूत करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में समिति का गठन किया है। जिसमें निगरानी टीम में कस्बा निवासी विजय गुप्ता और अमित कुमार सोनू को शामिल किया गया है। जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, ब्रजकिशोर गुप्ता, लोकसभा प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा मुनीर खान, रोहित शिवहरे, सन्तराम गुप्ता, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ ने बधाई दी।

# कस्बे का एमआरएफ सेंटर बना शोपीस

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में कूड़ा निस्तारण संयंत्र (एमआरएफ सेंटर) में एक करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च होने के बाद भी नहीं चालू हो सका है। जिससे सफाई कर्मी कस्बे में जगह जगह कूड़ा जलाकर निस्तारित कर देते हैं।

कस्बे की सफाई के लिए करीब सवा सौ कर्मी, पांच लोडर, पांच टैक्टर, एक जेसीबी सहित हाथ कूड़ा गाड़ी आदि लंबा फौजफाटा लगा हुआ है। इसके साथ ही पालीटेक्निक कालेज के आगे कूड़ा निस्तारण केंद्र चार वर्षों निर्माणाधीन है। करीब एक करोड़ खर्च हो जाने के बाद भी यह चालू नहीं हो सका है। कस्बे में सफाई के बाद कर्मी वहीं जला देते है। जिससे पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है और इससे कस्बा वासी परेशान है। कमलेश तिराहा निवासी सुनील कुमार, अजय कुमार, सुमित आदि ने बताया कि सुबह सफाई के बाद सफाई कर्मी कूड़े के ढेर में आग लगाकर नदारद हो जाते हैं। इसी तरह रानी लक्ष्मीबाई तिराहा, पैलानी तिराहा, पशु बाजार चौराहा आदि जगहों पर सफाई कर्मी कूड़ा जलाकर इतिश्री कर देते हैं।

# होली के दौरान हाई अलर्ट पर रहेगी 108 व 102 एंबुलेंस सेवा

## इमरजेंसी मामलों में सेवा देने के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी सरकारी एंबुलेंस

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


एंबुलेंस कर्मियों को होली को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश देते कपिल वैष्णव।

**अमृत विचार।** होली के दौरान आवश्यकता पड़ने पर 108 नम्बर डायल करें। इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा कुछ ही मिनट में आपकी मदद के लिए पहुंचेगी। होली के दौरान एंबुलेंस सेवाओं को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहार के दौरान 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। यह बात जिला प्रभारी कपिल वैष्णव व भूपेंद्र ने दी।

गौरतलब है कि उप्र सरकार ने 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज को दी है। एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था के प्रोग्राम मैनेजर ओम प्रकाश मिश्रा व जिला प्रभारी कपिल वैष्णेव व भूपेंद्र ने बताया कि होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। 108 एंबुलेंस रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को प्राथमिक इलाज उपलब्ध होने के साथ ही एंबुलेंस से जल्द से जल्द निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके। हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम से कम समय में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना हमारी प्राथमिकता होगी। बताया कि सड़क या अन्य कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से सम्बंधित, या अन्य कोई भी समस्या होने पर 108 नंबर पर तत्काल सूचना दी जा सकती है। 108 एंबुलेंस जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर सेवा देगी। सभी एंबुलेंसमें जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा होली के त्योहार के दौरान गर्भवती महिलाओं व 2 साल तक बच्चों को सेवाएं देने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। प्रदेश में 108 सेवा की 2200 एंबुलेंस और 102 सेवा की कुल 2270 एंबुलेंस 24 घंटे संचालित हैं। आवश्यकता पड़ने एम्बुलेंस 102 या 108 पर कॉल करके निःशुल्क एंबुलेंस की सेवा ली जा सकती है।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर बाईक सवार ने पीछे से चलते ट्रक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बांदा जनपद के जमालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिमैरा निवासी राहुल सिंह (24)पुत्र दुर्गविजय सिंह बुण्देलखण्ड एक्सप्रेस वे से होकर बाईक से कहीं जा रहा था तभी खन्ना टोल प्लाजा के निकट आगे चल रहे ट्रक पर बाईक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे अथॉरिटी के सुरक्षा कर्मियों ने घायल को इलाज के लिए कस्बे की सीएचसी पहुंचाया लेकिन युवक की मौत हो गई। मृतक के मोबाइल पर आए फोन के जरिए परिजनों को सूचना दे दी गई है। इस संबंध में हाईवे सुरक्षा अधिकारी संतोष सिंह चौहान ने बताया कि मृतक की गाड़ी की दशा देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाइक सवार कितनी तेज रफ्तार से चला रहा होगा।

# स्कूल-कॉलेजों में मनाया होली उत्सव

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



गुरुकुलम विद्यालय में फूलों की होली खेलते बच्चे। अमृत विचार

- बच्चों ने एक- दूसरे को रंग गुलाल लगाकर जमकर मचाया हुड़दंग

**अमृत विचार।** नगर के की विद्यालयों में होलिकोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज हमीरपुर में प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने कहा कि होली भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है। होली को फाल्गुन या वसंत ऋतु के आगमन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। होली का त्योहार सर्दियों के मौसम के अंत का भी प्रतीक है। यह त्योहार बहुत सारे रंग, पानी के फुहारे और गुब्बारे के संग इस दिन को और रंगीन कर देता है। इस आचार्य रमेश कुमार शुक्ल ने कहा कि होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, सम्प्रदाय, जाति के बंधन को खोलकर भाईचारे का संदेश देता है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने एक दूसरे को रंग अबीर एवं गुलाल लगाकर उत्सव की बधाईयां दीं। संचालन संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। राजेश कुमार शुक्ल, मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ला आदि रहे।

इसी तरह गौरा सिटी मांटेसरी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्र -छात्राओं ने हवा में गुलाल उड़ा और गाल पर मल रहे, होली के रंग भरे गीतों पर बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें लाइबा, अंकुश, अनम, अथर्व, कृष्णा, शौर्य, इमरान, प्राची, त्रिशा, सूर्यांश, देवदत्त, इशू आदि छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रबंधक डॉ एसके पांडेय ने बच्चों को बताया कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत पर मनाया जाता है। डॉ दयाराम गौतम, शुभम दक्ष, मीना तिवारी, महलका, हेमा देवी, रोमाना, प्रेरणा, शिखा द्विवेदी, रेखा विश्वकर्मा, आशीष चक्रवर्ती आदि ने होली मिलन समारोह में हिस्सा लिया।

वहीं नगर के गुरुकुलम विद्यालय में भी बच्चों ने जमकर होली खेली। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक सत्य प्रकाश गुप्ता व प्रधानाचार्य रूपक गुप्ता ने सभी को होली की बधाई दी। आशीष बादल, दीपक, योगेंद्र, गोपाल, अभय, वंदना, प्रीति, रिया, खुशी, अदा, रुची, मोनिका, सपना, रिचा उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने हादसों के प्रति किया जागरूक

संवाददाता मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जनपद में वर्तमान में लगातार ट्रकों से दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन घटनाओं में कुछ दिनों पूर्व मौदहा में पुलिस की परीक्षा देने जा रहे भाई बहन को डंपर ने टक्कर मार दी थी। जिससे मौके पर ही बहन की मौत हो गई थी। इसी प्रकार मौदहा में ही एक डीसीएम चालक ने नशे में ट्रक चलाया और सात लोगों को टक्कर मारी थी, जिनमें तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी।

इसको लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने एसडीएम को ज्ञापन देकर ट्रकों से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में बताया गया था। तब तुरंत संज्ञान लेने के लिए कहा गया था। परंतु प्रशासन और पुलिस ने इस मामले को टाल दिया। उसके बाद अज्ञात वाहन ने कुछ दिन पूर्व नेशनल हाईवे में बाइक सवार को टक्कर मारी थी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। पांच दिन पूर्व ही स्कूटी सवार सगे दो भाइयों को डंपर ने रौंदा दिया। जिससे छोटे भाई की मौत हो गई थी। इन सब घटनाओं से अब आम जनमानस भयभीत है। जनपद में ऐसी बढ़ रही हैं और हाईवे में लगातार बालू भरे ओवरलोड ट्रक चल रहे हैं। अधिकांश घटनाएं इससे ही होती हैं। एबीवीपी ने दुर्घटनाओं को लेकर मौदहा कस्बे के हाथी दरवाजा के पास में हस्ताक्षर अभियान चलाया। नवनीत चौहान, अक्षय गहोई, अंश सोनी, आर्यन गुप्ता, आयुष निगम आदि रहे।



हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते लोग।


डॉ.राममनोहर लोहिया के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते डॉ.कमलेश लोधी।



डॉ.राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाते सपाई।

# सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई डॉ.लोहिया की जयंती

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- सपा कार्यालय में डॉ. लोहिया के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए

**अमृत विचार।** समाजवादी चिंतन डा.राममनोहर लोहिया के 114वीं जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने डॉ.लोहिया की जयंती मनाई।

इस मौके पर सपा के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि डा.लोहिया का सवर्ण परिवार में जन्म होने के बावजूद पिछड़ों की पीड़ा को समझा।

उन्होने कहा कि डा.लोहिया ने जाति छोड़ो जनेऊ तोड़ों अभियान भी चलाया था। गोष्ठी के दौरान डा.कमलेश लोधी ने कहा कि डा.राममनोहर लोहिया ने अकल्पनीय साहस का परिचय देते हुए तत्काल नेहरू सरकार से यह कहते हुए इस्तीफा मांगा था कि रोजी रोटी कपड़ा दो नही तो गददी खाली करो। जिसके चलते उन्हें 1951 में बेगलूस जेल में भी बंद होना पड़ा था।

जिला पंचायत सदस्य विमलेश कुमारी ने कहा कि दलितों, पीड़ितों के डा.लोहिया सच्चे हितैषी थे। गोष्ठी के दौरान नीलम यादव, धनंजय लोधी, कामता लोधी, मुलायम सिंह लोधी, जयहिंद अनुरागी, रिंकू वर्मा, विशाखा यादव, रविंद्र, गोकुल प्रसाद राजपूत, राजू लोधी, वीरपाल पवई, हरीशरण राजपूत, कंचन राजपूत समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।

### किसान, नौजवान और महिलाओं के लिए संघर्ष किया

**हमीरपुर।** समाजवादी चिंतक डॉ.राम मनोहर लोहिया की जयंती सपा कार्यालय में सपाइयों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाते हुए कहा कि डॉ. लोहिया ने जीवन पर्यंत गरीबी किसान नौजवान महिलाओं के लिए संघर्ष किया। शनिवार को समाजवादी चिंतक डॉ.राम मनोहर लोहिया की जयंती पर सपा कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनको नमन किया गया। सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि डा.लोहिया ने समाज में समरसता लाने के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। सपा के प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद ने कहा कि डा.लोहिया पिछड़ो के सच्चे हितैषी थे। सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण सिंह यादव, महिला सभा की प्रांतीय सचिव सोनिया सोनी आदि ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मनप्यारे निषाद, राजेश विश्वकर्मा, रामनरायन यादव, विवेक यादव, घनश्याम साहू, गया प्रसाद अनुरागी, सलीम खान, वेद प्रकाश आर्य, मूलचंद प्रजापति, शिवशंकर यादव, सबीना खातून आदि सपाई मौजूद रहे।

# मैरीक्यूरी फैलोशिप में सत्येंद्र ने 99 प्रतिशत स्कोर किया

संवाददाता, (हमीरपुर)

- शोध कार्य के लिए पौने दो करोड़ की अनुदान राशि मिली


डॉ.सत्येंद्र कुमार।

**अमृत विचार।** जनपद के युवा होनहार शोधकर्ता ने मेरी क्यूरी फैलोशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 99 प्रतिशत का असाधारण स्कोर किया है। जिस पर उसे पौने दो करोड़ की अनुदान राशि मिली है।

जनपद के सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम पारा रैपुरा निवासी डॉ.सतेंद्र कुमार पुत्र राजा भैया ने विश्व प्रतिष्ठित यूरोपियन मैरी क्यूरी फैलोशिप हासिल कर ली है। उन्होंने अपने उत्कृष्ट शोध प्रस्ताव के साथ चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। यह शोधकार्य प्रोफेसर मारिया के साथ मिलकर स्पेन में रह कर करना होगा।


यह फैलोशिप यूरोपीय संघ द्वारा प्रदान की जाने वाली विश्व की सबसे प्रतिष्ठित एवं प्रतिस्पर्धी शोध फेलोशिप में से एक है और युवा, होनहार शोधकर्ताओं को कैरियर के शुरुआती चरण में अपना शोध करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। यह उपलब्धि न केवल शोधकर्ता के लिए बल्कि पूरे भारतीय शोध समुदाय के लिए भी गर्व का विषय है। इसके साथ ही साथ डॉ.सतेंद्र कुमार को स्लोवेनिया सरकार की तरफ से भी शोधकार्य के लिए डेढ़ करोड़ अनुदान राशि का प्रस्ताव मिला है। सीएसआईआर-एम्प्री भोपाल से पीएचडी करने के पश्चात डॉ.सतेंद्र कुमार वर्तमान में बेंगलुरू में वैज्ञानिक पद पर कार्यरत हैं।

उन्होंने एमजीएम इण्टर कॉलेज सुमेरपुर में तीन साल तक भौतिकी तथा गणित के शिक्षक रहे एवं निरंतर विद्यालय परिवार से जुड़े रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर मां गीता माहेश्वरी इंटर कॉलेज के प्रबंधक डा.आलोक पालीवाल, उप प्रबंधक डॉ.पुनीत पालीवाल, प्रधानाचार्य भारत प्रसाद सहित समस्त स्टाफ ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है।

**होली आई रे...** होलिका दहन को लेकर संबंधित थानों की पुलिस को भी अलर्ट कर दिया गया है

# जिले भर में 653 स्थानों पर होगा होलिका दहन

संवाददाता,हमीरपुर


रहुनियां धर्मशाला में रखी गई होलिका।

**अमृत विचार।** रविवार की रात जिले के कुल 653 स्थानों में होलिका दहन किया जाएगा। जिसके लिए सारी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। वहीं होलिका दहन को लेकर संबंधित थानों की पुलिस भी अलर्ट है। ताकि किसी भी प्रकार का कोई हंगामा न हो सके।

जिले भर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होलिका दहन का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसके लिए हर जगह तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। होलिका दहन वाले स्थान को पतंगी आदि से भी सजाया गया है। रविवार की रात जिले के अलग अलग स्थानों मे रखी होलिकाओं को विधि विधान के साथ जलाया जाएगा। रविवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के 51, थाना सुमेरपुर के 103, कुरारा के 66, ललपुरा 20, मौदहा 57, सिसोलर में 28, बिवांर में 50, राठ में 105, मुस्करा में 33, मझगवां में 33, जरिया में 46, चिकासी में 31 जलालपुर में 30 कुल 653 स्थानों में होलिका दहन किया जाएगा।

### सुमेरपुर में 88 जगह जलेगी होलिका

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र में कुल 88 स्थानों में होलिका दहन होगा। कस्बे में 19 स्थानों पर होली जलाई जाएगी। हुड़दंग रोकने के लिए पुलिस की 7 टीमें तैयार की गई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 88 स्थानों पर होलिका दहन होगा। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस की 7 मोबाइल टीमें गठित की गई है। उन्होंने बताया कि वह खुद अपनी टीम के साथ पूरे क्षेत्र के भ्रमण पर रहेंगे। किसी भी तरह की अराजकता एवं हुड़दंग नहीं होने दिया जाएगा।

## 150 शस्त्र थाने में जमा कराए

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे पुलिस प्रशासन ने थाना क्षेत्र के 855 शस्त्र धारकों में से 150 लोगों के शस्त्र जमा कराए हैं।

थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शस्त्र जमा कराने की प्रक्रिया शुरू कराकर अभी तक 150 शस्त्र जमा कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी पुलिस चौकी इंचार्जों,हल्का इंचार्जों, बीट प्रभारियों को शस्त्र जमा कराने में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि समय रहते शस्त्र जमा कराकर शांतिपूर्वक मतदान का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। थाना अध्यक्ष का कहना है कि चुनाव को देखते हुए शातिर लोगों पर खास नजर रखी जा रही है।

# इचौली में चित्रकूट एक्स. का हो ठहराव

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


निवर्तमान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को ज्ञापन देते प्रधान व ग्रामीण।

**अमृत विचार।** लखनऊ से चलकर जबलपुर जाने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस का ठहराव इचौली रेलवे स्टेशन पर पुनः कराए जाने की मांग इचौली क्षेत्र ग्रामीण उठाते रहे है। इसके लिए डीआरएम, जीएम से लेकर प्रधानमंत्री को खून से पत्र लिखा गया है। लेकिन अभी तक ट्रेन का ठहराव नहीं हुआ है। एक बार फिर इचौली के ग्रामीणों ने प्रधानों के नेतृत्व में निवर्तमान सांसद को ज्ञापन देकर ट्रेन ठहराव की मांग की है।

मानिकपुर-कानपुर रेल खंड के अंतर्गत आने वाले इचौली स्टेशन पर मार्च 2020 से लॉकडाउन के समय से यात्री ट्रेन बंद रही। लॉकडाउन हटने के बाद कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ तो किया गया। लेकिन उन ट्रेनों को एक्सप्रेस ट्रेन बनाकर छोटे छोटे स्टेशनों पर ठहराव ही नहीं दिया गया। इससे इचौली सहित आसपास के गांवों के लोग लखनऊ-जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस की सुविधा से वंचित हो रहे है। जबकि समय समय पर ग्रामीणों ने यात्री ट्रेन ठहराव के लिए डिविजनल रेलवे मैनेजर से मांग की। लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। सौरभ मिश्रा ने बताया कि विगत दो वर्ष हो गए यहां से ट्रेन ठहराव को बंद किए हुए और रेलवे इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि इस क्षेत्र में आवागमन के लिए सबसे महत्वपूर्ण सुविधा रेलवे ही है। प्रधान गंगादीन वर्मा व नायकपुरवा प्रधान सुनील वर्मा ने शनिवार को क्षेत्र में आए निवर्तमान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को ज्ञापन दिया।

# नाला निर्माण में देरी पर ठेकेदार को थमाई नोटिस

## ईओ ने गौशाला, आंबेडकर पार्क व सफाई का जायजा लिया

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित आंबेडकर पार्क, कान्हा गौशाला व अन्य वार्डो का अधिशासी अधिकारी/उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। पार्क की मरम्मत व सुंदरीकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही ठेकेदार को जल्द नाला निर्माण करने को नोटिस थमाई। शनिवार को ईओ/ उप जिलाधिकारी अभिमंयु कुमार आंबेडकर पार्क पहुंचे।

निरीक्षण में पार्क की मरम्मत व सुंदरीकरण के निर्देश दिए। इसके बाद कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। जिसमें परिसर की साफ सफाई, भूसा चारा, मवेशियों को देखा। उन्होंने गौशाला में बेहतर व्यवस्था करने की हिदायत दी। इसके बाद उन्होंने कस्बे में खुदे पड़े नाला निर्माण की जानकारी ली। बताया गया कि अभी तक नाला निर्माण शुरू ही नहीं कराया गया है। जिस पर ठेकेदार क जल्द नाला निर्माण कराने की नोटिस दी गई। साथ ही कस्बे में वार्डो में साफ सफाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लिपिक नरेंद्र सिंह, अनिरुद्ध पांडेय, दीपेंद्र सिंह, गयास बेग, दुर्गेश आदि मौजूद रहे।



कान्हा गौशाला का निरीक्षण करते ईओ अभिमन्यु कुमार।

# जॉब कार्ड के फेर में फंसा महिला का पीएम आवास

संवाददाता,नरैनी

- पीड़िता ने मुख्यमंत्री, जिले के अधिकारियों से शिकायत की

**अमृत विचारः** महिला का प्रधानमंत्री आवास जॉब कार्ड में फंस गया है। यह अजीबो गरीब जानकारी लाभार्थी महिला को गांव के सचिव द्वारा दी गई है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री सहित जिले के अधिकारियों से शिकायत कर दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

मामला महुआ ब्लॉक के मोतियारी गांव का है। यहां की चंपा पत्नी बेटू ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर बताया है कि प्रधानमंत्री आवास सूची क्रमांक 134 में उसका नाम दर्ज है। सूची के अन्य लाभार्थियों के बैंक खातों में जब धनराशि पहुंच गई तब उसे इस बात की जानकारी हुई कि उसकी कॉलोनी का पैसा उसके खाते में नहीं आ रहा है। बताया कि तब उसने गांव के सचिव से मिलकर इस संबंध में जानकारी ली तो सचिव ने बताया कि तुम्हारी कॉलोनी का पैसा जॉब कार्ड में जा रहा है। इसीलिए तुम्हारे बैंक खाते में नहीं पहुंचा है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि सचिव ने एक अन्य महिला से 20 हजार रुपये सुविधा शुल्क लेकर यह घपलेबाजी की है। बताया कि उसके आधार कार्ड के साथ कथित एक अन्य महिला का बैंक खाता फीड कर दिया। उसकी कालोनी का पैसा अन्य अपात्र महिला के बैंक खाते में पहुंच रहा है। पीड़ित महिला ने बताया है कि उसने महुआ ब्लॉक में जाकर इस बाबत जानकारी ली थी तो वहां कर्मचारियों ने बताया कि आपके बैंक खाते में कॉलोनी की धनराशि डाली गई है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री, डीएम, मुख्य विकास अधिकारी आदि को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच कर दोषी सचिव के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# एपेक्स मॉडर्न स्कूल की शुरुआत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के जलालपुर रोड़ सरसई गांव के पास नवनिर्मित एपेक्स मॉडर्न स्कूल का भव्य शुभारंभ हुआ। ग्रांड ओपनिंग पर सैकड़ों की तादाद में लोग पहुंचे।

शनिवार को एपेक्स मार्डन स्कूल की ग्रैंड ओपनिंग का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारत सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी आईएएस नरेंद्र बहादुर सिंह राजपूत और पूर्व निदेशक सेंट्रल वेयरहाउस कारपोरेशन अनुपमा लोधी ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज और स्व.रामपाल लोधी की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने नवनिर्मित स्कूल का फीता काट शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि नये विद्यालय के शुभारंभ होने से क्षेत्र के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने स्कूल की एमडी पूनम राजपूत को धन्यवाद देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका जो कार्य शुरू हुआ है वह सराहनीय है। उन्होंने स्कूल के डायरेक्टर अजेय राजपूत का भी धन्यवाद किया। कहा कि इस पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा के मंदिर का शुभारंभ जो किया है वह सराहनीय है। उद्घाटन से पहले विधि विधान के साथ पूजा अर्चना हुई। एपेक्स मार्डन स्कूल के भव्य उद्घाटन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, विधायक मनीषा अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, मानबहादुर उर्फ मुन्ना भइया गोहांड, ब्लाक प्रमुख मुस्करा वीरनारायन दादी, महेंद्र राजपूत पूर्व प्रधान पवई, शिवकुमार सिंह, ब्रह्मानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुरेंद्र सिंह लोधी, चंद्रकांता राजपूत, ज्योति ब्रजेंद्र गुप्ता, हिंद एंजिल्स स्कूल की डायरेक्टर शिवांगी राजपूत समेत स्कूल का स्टाफ और सैकड़ों लोग मौजूद रहे। स्कूल के डायरेक्टर अजेय राजपूत ने बताया कि 1 अप्रैल से स्कूल की कक्षाएं विधिवत चालू हो जायेगी।

- सरसई के पास स्कूल की शुरुआत पर आए सैकड़ों लोग



जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत को स्वामी ब्रह्मानंद महाराज का चित्र देकर सम्मानित करतीं स्कूल की एमडी पूनम राजपूत व डायरेक्टर अजेश राजपूत।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को निकाली जागरुकता रैली

संवाददाता,सुमेरपुर(हमीरपुर)

- कुंडौरा व देवगांव में रैली से दिया मतदान करने का संदेश

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम कुंडौरा व देवगांव में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी शांतुन कुमार सिनसिनवार ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के लिए शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को ग्राम कुंडौरा व देवगांव में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। उन्होंने रैली के साथ में गांव भ्रमणकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में शामिल छात्र छात्राओं व महिलाओं ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमी और नारे लगाए। जिसमें अपना कर्तव्य निभाएंगे,पहले मतदान कराएंगे।आओं मिलकर अलख जगाएं,शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। डिप्टी कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा मतदान करने से हमारा लोकतंत्र मजबूत होंगा। इसके बाद विद्यालय में पहुंच कर लोगों को शपथ दिलाई। एडीओ पंचायत मनीष कौशिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक विमल कुमार सचान, सचिव साधना सिंह रहीं।

# 'जल संरक्षण के उपाय खोजने होंगे'

संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** स्व.पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली में शनिवार को सात दिवसीय शिविर का समापन उ.प्राथमिक विद्यालय अलरा गौरा में हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.लोकेंद्र नाथ पांडेय ने सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया।

प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए जल संरक्षण पर आयोजित गोष्ठी में जल की महत्ता पर प्रकाश डाला। बताया कि जल है तो कल है, जल हमारे जीवन का आधार है। ऐसे में जल संरक्षण के उपाय खोजने होंगे। इस क्रम में अधिक से अधिक तालाब बनाए जाने चाहिए और पुराने सूखे तालाबों को पुनर्जीवित करना चाहिए। उन्होंने जल प्रदूषण के प्रति जागरूक किया और जल स्रोतों में गंदगी न डालने के लिए सभी से संकल्प करवाया। कार्यक्रम अधिकारियों ने भी जल संकट के प्रति आगाह करते हुए बताया कि अगर हम जल्दी नहीं चेते और इसी तरह यदि जल बर्बाद करते रहे तो जल संकट का गंभीर सामना करना पड़ेगा। शिविर के अंतिम दिन सभी छात्र /छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारियों ने शुभकामनाएं दी और सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

छात्र निमिष, छात्रा मुस्कान,नंदनी ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर प्रवक्ता अजय प्रताप, उमा भारती, दीक्षा, रविन्द्र सोनी, श्रवण तिवारी, दुर्वेश, धर्मेन्द्र राजपूत, राम सहोदर, प्रदीप, केश कुमार आदि उपस्थित रहें।



एनएसएस शिविर के समापन पर आयोजित गोष्ठी में मौजूद छात्र-छात्राएं।

- जल संरक्षण पर आयोजित गोष्ठी में की गई चर्चा

# जल संरक्षण, प्रदूषण पर जताई चिंता

**हमीरपुर।** ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुंडौरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तिम दिन पूर्व निर्धारित कार्यकम जल संरक्षण एवं प्रदूषण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी की तकनीकी सत्र की शुरुआत प्राचार्य डा.एसपी गुप्ता ने की। उन्होंने कहा बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण में वृद्धि तथा कृषि में विस्तार होने से जल की मांग बढ़ती जा रही है। ऐसे में जल संरक्षण आज की आवश्यकता बन गई है। वर्षा जल संचयन मूलतः भवनों की छतों पर इकट्ठा कर भूमि में संरक्षण किया जा सकता है। इससे भूजल की गिरावट को रोकने में मदद मिलेगी। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी रक्षादीन कर्णधार ने जल प्रदूषण से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी।



एनएसएस शिविर के समापन पर प्राचार्य को गुलदस्ता भेंट करती छात्रा।

# शिविर के समापन पर छात्रों को किया गया सम्मानित

संवाददाता,हमीरपुर

**अमृत विचार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा में एनएसएस की प्रथम इकाई द्वारा चलाए जा रहे आवासीय सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को समापन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.शिराज खान ने की। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर कर पुष्प अर्पित कर हुई। इसके साथ ही शहीद दिवस पर शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य ने सभी एनएसएस स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को तथा प्रभारी डॉ.संजय कुमार को विशेष शिविर के समापन पर बधाई दी। समस्त एनएसएस छात्र छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### रुपयों को लेकर अधेड़ को मारी गोली

**राठ (हमीरपुर)।** रुपयों के लेनदेन पर हुए विवाद के चलते एक व्यक्ति ने दूसरे को तमंचे से गोली मार दी। गोली लगने पर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लहूलुहान घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

थाना क्षेत्र के नंदना गांव निवासी केशव प्रसाद पुत्र बालादीन जरिया थाने के पवई गांव में अपने उधार दिये रुपया लेने गया हुआ था। लेनदेन के बीच विवाद हो गया और दबंग ने अवैध तमंचे से केशव प्रसाद पर फायर कर दिया। गोली केशव प्रसाद के हाथ में जा धंसी और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। फायर की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और केशव प्रसाद को अस्पताल पहुंचाया। जरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया

**मौदहा (हमीरपुर)।** बिवांर थाना क्षेत्र के रोहारी गांव में किसी से उधारी की लेनदेन से विवाद बढ़ गया। परिजनों ने गंभीरता से लिया। इसी कलह से शनिवार सुबह एक युवक ने रस्सी का फंदा डाल आत्महत्या का असफल प्रयास किया। उसे इस हालत में देख परिजनों ने बचा कर कस्बे के सरकारी अस्पताल इलाज के लिए लाए। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया। गांव रोहारी के अमर सिंह (20) राम किशोर निवासी लोहड़ी ने आज सुबह मामूली ग्रह कलह के चलते अपने ही घर में रस्सी का फंदा गले में डाल आत्महत्या का प्रयास किया परिजनों ने जैसे ही वह रस्सी में लटका तभी शोर शराबी के बीच उसे पकड़ लिया गया आनन फानन गले से फंदा उतार उसे तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया है जहां से जहां अभी भी मौत और जिंदगी के बीच जूझ रहा है।

### दो को गिरफ्तार कर 285 क्वार्टर शराब पकड़ी

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 285 अवैध देशी शराब के क्वार्टर बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हरेहटा गांव में एक व्यक्ति द्वारा अवैध देशी शराब बेचे जाने की सूचना पर उप निरीक्षक शिवकुमार सिंह ने छापा मारकर एक बोरे में अवैध 247 देसी शराब के क्वार्टर बरामद किए। जिसने अपना नाम शिवसरन बताया। वहीं बेरी कदौरा मार्ग में एक संदिग्ध व्यक्ति एक झोले में देशी शराब के क्वार्टर लेकर जा रहा था। चौकी प्रभारी संगम लाल प्रजापति ने घेराबंदी कर आरोपी ने नाम जय करन उर्फ दादी निवासी लहरा बताया।

# 26 मार्च को स्थानीय अवकाश मांगा

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय विद्यालयों में 26 मार्च को होली का स्थानीय अवकाश घोषित करने की मांग की है। उन्होंने इससे संबंधित ज्ञापन बीएसए को दिया है। कहा परिषदीय विद्यालयों का जनपद स्तर पर अवकाश तालिका जारी न होने के कारण अवकाश के लिए शिक्षकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। जबकि अन्य जनपदों में 26 मार्च का अवकाश घोषित किया जा चुका है। ज्ञापन देने में जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल, विजय कुमार, कुरारा ब्लाक अध्यक्ष रघुराज कुटार आदि रहे।

# सचिव पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

संवाददाता,बांदा

- प्रधान ने डीएम को पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत सचिव द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए बगैर जानकारी के फर्जी भुगतान करने और मनमानी के आरोप लगाते हुए शिकायत महिला ग्राम प्रधान ने डीएम से की है। ग्राम प्रधान ने डीएम से पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी सचिव पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

नरैनी विकास खंड की ग्राम पंचायत पौहार में तैनात पंचायत सचिव सुशील द्विवेदी की मनमानी, लापरवाही और भ्रष्टाचार से न सिर्फ ग्राम प्रधान बल्कि ग्रामीण भी परेशान हैं। सचिव को न तो सरकारी आदेशों की चिंता है और न ही सरकार की छवि की। ग्राम प्रधान सुनीता कोरी का आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव विकास कार्यों के कराने में हीलाहवाली करते हैं। लगातार वह पंचायत कार्यालय से अनुपस्थित रहते हैं। पंचायत के लोगों को परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म मृत्यु के प्रमाण पत्र जैसे जरुरी कार्यों के लिए दिक्कतें होती हैं। माडल गांव पौहार के विकास कार्यों के लिए मैटेरियल सप्लाई करने वाले सप्लायरों को भुगतान नहीं करते। अपने भाई व चहेते सप्लायरों का गुपचुप तरीके से भुगतान करा देते हैं। विकास कार्यों में 2,57,186 रुपया का गबन कर लिया। प्रधान होने के नाते उन्होंने अपने जेवर व ससुर की जमीन गिरवी रख कर सप्लायरों का भुगतान किया। बगैर इस्टीमेट बनाए नाला निर्माण कराकर 1,40,898 रुपया का भुगतान हड़प लिया। बताया कि सचिव ने अपने रिश्तेदारों को पीएम आवास पात्रता सूची में शामिल कराते हुए आवास दिला दिए।

# लोहिया के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं

संवाददाता,बांदा

**अमृत विचारः** समाजवादी विचारक डॉ.राम मनोहर लोहिया के जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद किया। उनकी विचारधारा पर अमल करने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं से उनके सिद्धांतों पर चलकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

लोहिया नगर (बिजलीखेड़ा) स्थित जिला पार्टी कार्यालय में शनिवार को समाजवाद के पुरोध व प्रख्यात समाजवादी चिंतक डा.राममनोहर लोहिया के जयंती पर सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनकी विचारधारा पर अमल करने का संकल्प लिया। सपा राष्ट्रीय महासचिव विशंभर प्रसाद निषाद समेत पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल, अजेंद्र राजपूत व सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा ने ने लोहिया के चित्र पर माला पहनाई। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि डा.लोहिया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर चिंतक और समाजवादी नेता थे। उनके विचारों और नीतियों के साथ पार्टी मुखिया अखिलेश यादव उनके सपनों को साकार करने की लड़ाई लड़ रहे हैं। महिला सभा राष्ट्रीय सचिव नीलम गुप्ता, शिवकरण पाल, लालमन यादव, ईशान सिंह लवी, जसवंत यादव, बृजभूषण यादव, आलोक यादव रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक: 2254 /न0पा0प0–राठ/म्यू0सू0/2023–24 दिनाँक 22.03.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अक्षरा पत्नी सुरेन्द्र | श्री नरेन्द्र तिवारी पुत्र पुरुषोत्तम तिवारी | पठानपुरा–2 | 12 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक: 2257 /न0पा0प0–राठ/म्यू0सू0/2023–24 दिनाँक 22.03.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुशीला देवी पत्नी वृन्दावन | श्री राजकुमार अग्रवाल पुत्र रतनलाल अग्रवाल | सिकन्दरपुरा–2 | 04 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर


कवायद

अभी तक संगठन में पांच पद थे, कमेटी की मांग के अनुसार अब सात पदों पर चुनाव संपन्न होंगे

# संगठन चुनाव के लिए नगर उद्योग व्यापार मंडल ने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नगर उद्योग व्यापार मंडल के त्रि वार्षिक चुनाव के संबंध में साबरी गेस्ट हाउस में नगर के समस्त व्यापारियों की आम बैठक जिला महामंत्री सूर्यकुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री ने बताया कि नगर उद्योग व्यापार मंडल आराजनीतिक संगठन है, जो व्यापारियों के हित के लिए सदैव खड़ा रहता है।

हर तीन वर्ष बाद संगठन का चुनाव संपन्न होता है। अभी तक संगठन में पांच पद थे, कमेटी की मांग के अनुसार अब सात पदों पर चुनाव संपन्न होंगे। जिसमें अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं मंत्री पद में चुनाव संपन्न होंगे। जिला महामंत्री ने पुरानी कमेटी को भंग करके कार्यवाहक के रूप में इसी वर्तमान कमेटी को कार्य करने के लिए चुनाव तक कार्यवाहक में नियुक्त किया गया। नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने 554 सदस्यों की सूची एवं धनराशि बैंक में जमा कर के जिला महामंत्री को सौंपी। नगर महामंत्री राकेश साहू ने तीन वर्ष का विवरण प्रेषित किया और बताया कि 20 मार्च को सदस्यता पूर्ण करके जिला कमेटी को सौंप दिया है।

नगर अध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता ने बताया की अग्रिम कार्यवाही जिला महामंत्री सूर्यकुमार तिवारी की अध्यक्षता में कार्य होते रहेंगे। कहा वह स्वयं भी जब तक चुनाव संपन्न नहीं हो जाते तब तक कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्य करते रहेंगे। बैठक में धर्मेंद्र दीक्षित, रोहित तिवारी, दीपक मिश्रा, पुष्पेंद्र पुरवार, अंकित सचान, अभिषेक सोनी, मकबूल अहमद साबरी, भारत श्रीवास्तव, शाश्वत, रोहित गुप्ता, अनिल गुप्ता, रविंद्र सचान, योगेंद्र गुप्ता, नरेंद्र वाजपेई, सुभाष साहू, विनय बाजपेई आदि सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे। जिला महांत्री ने बताया कि नगर उद्योग व्यापार मंडल की वोटर लिस्ट का प्रकाशन कर दिया गया है। इस पर मांगी गई आपत्तियों पर 24 मार्च को निस्तारण होगा। जबकि 27 मार्च को अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन होगा। 29 मार्च एवं 30 मार्च को नामांकन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा। 31 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 1 अप्रैल को नामांकन वापसी होगी। यह समस्त कार्य जिला महामंत्री के प्रतिष्ठान पर संपन्न होगें।



नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में मौजूद व्यापारी। अमृत विचार

# 'भक्त के अंतःकरण को प्रभु देखते हैं'

**सुमेरपुर।** कस्बे के लक्ष्मीबाई तिराहा के पास चल रही श्रीराम कथा का समापन हो गया। रविवार को आयोजक के घर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

कथा वाचक संजय कृष्ण द्विवेदी ने कहा कि हर व्यक्ति को नित्य स्वाध्याय करना चाहिए। घर-घर में रामायण का पाठ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल का सदुपयोग करके अच्छे संतों व कथा वाचकों के प्रवचन सुनकर जीवन में पुण्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने ईश्वर को प्राप्त करने के लिए छह प्रकार की भक्ति के बारे में बताया। जिसमें नमः, स्तुति, चिंतन,पूजा, भगवान का स्मरण व कथा श्रवण है। कहा कि गुरुजनों को कभी भी एक हाथ से प्रणाम नहीं करना चाहिए।


## RAVI CHILDREN'S ACADEMY

Situation Vacant

Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

# रंगों से गुलजार हुआ बाजार, जमकर बिक रहे मुखौटे

## रंग की बजाय इस बार गुलाल की बिक्री ज्यादा, गुलाल पिचकारी की भी मांग बढ़ी, खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** होली पर्व की तैयारियां चरम पर है। जहां गांव, नगर में होलिका दहन के लिए होली सज चुकी है वहीं रंगों से कालपी का बाजार सजा है। हर तरफ होली की धूम है। नगर के बाजार में इन दिनों रौनक बढ़ गई है। कोई रंग-गुलाल खरीदने में मशगुल हैं तो कोई खोवा। मुख्य बाजार रंग गुलाल से पटा है तो वहीं खोवामण्डी में जमकर खोवा की खरीददारी हो रही है।

होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जमकर होली की खरीदारी की जा रही है। व्यापारियों के चेहरे पर सुकून है, तो ग्राहक भी महंगाई की मार को दरकिनार करते हुए खरीदारी में जुटे हैं। इसबार होली पर कई तरह की पिचकारियों की बाजार में धूम मचा रही हैं। इसमें डबलधार वाली पिचकारी, मूविंग गन वाली पिचकारी, पानी की जगह गुलाल उड़ाने वाली पिचकारी शामिल हैं। बच्चों में खासकर पिचकारियों का खासा क्रेज है।


खोवामंडी में खोवा बेचता दुकानदार। अमृत विचार


बाजार में पिचकारी, रंग- गुलाल की सजी दुकान। अमृत विचार

### कालपी के 64 स्थानों पर होगा होलिका दहन

कालपी जालौन। रंगों का पर्व होली को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिये स्थानीय प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम कराये गये है। थाना कालपी क्षेत्र के अलग-अलग 64 स्थानों में होलिका दहन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि कालपी नगर के 15 अलग-अलग स्थानों में होलिका दहन होगा।

### आज ज्यादा आएंगे ग्राहक

किराना दुकानदार मनोज पोरवाल का कहना है अभी सामान खरीदने के ग्राहक कम आ रहे है। ग्रामीण क्षेत्र के किसान फसल कटाई में लगे होने के कारण बाजार में खरीददारी करने नहीं आ रहा हैं। जिसकी वजह से बिक्री पर भी असर पड़ता दिखाई दे रहा है। रविवार को त्योहार है इसलिए उसी दिन ज्यादा ग्राहक आएंगे।

### रंगों की बजाय गुलाल की मांग ज्यादा

कालपी। पहले रंगों की बिक्री अधिक थी परन्तु अब रंगों के बजाय गुलाल की मांग बढ़ गयी है। रंगों के त्योहार के लिए बाजारों में गुलाल की जमकर बिक्री हो रही है। लोगों का मानना है कि पानी वाले रंगों से त्वचा पर भी नुकसान पहुँचता है वहीं कपड़े भी खराब हो जाते हैं, जिस कारण एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाना ज्यादा बेहतर समझते हैं क्योंकि यह त्वचा व कपड़ों से आसानी से साफ हो जाता है। रंगों से परहेज करने वाले गुलाल खरीद रहे हैं। ग्लिटरिंग गुलाल व तिरंगा गुलालों की खरीदारी जमकर हो रही है। गुलाल की कीमतों की यदि बात की जाए तो 200 रुपये प्रति किलोग्राम बेचा जा रहा है।

### सौ रुपये की पिचकारी डेढ़ सौ में बिक रही

कालपी। महंगाई की मार भी कम नहीं है। बाजार में कुछ स्टॉक बेशक पुराने हैं, लेकिन महंगाई की मार कम नहीं है। पिछले साल जो पिचकारी सौ रुपये में बिक्री की जा रही थी वह इस साल बढ़कर डेढ़ सौ रुपये तक हो गई है। पिचकारियों की यदि बात की जाए तो बाजार में 20 रुपये से लेकर 1200 रुपये तक कीमत की पिचकारियां उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष 25 फीसद तक महंगाई बढ़ी है।

### खोवा से पटी मंडी

कालपी। होली त्योहार में अधिकांश घरों में गुझिया बनाने की परम्परा है, अतः खोवा की मांग भी बढ़ गई है। नगर में स्थित खोवा मंडी बाजार क्विंटलों खोवा से पटा हुआ है। खोवा की कीमतों की यदि बात करें तो 300 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। चूंकि कालपी क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है, इस कारण गांवों के गाय एवं भैंस पालक अपने अपने घरों में खोवा को तैयार करके नगर में स्थित खोवामंडी में विक्रय करते हैं। खोवामण्डी से खोवा खरीदकर अपने घरों में मैदे, ड्राई फ्रूड व खोवा से गुझिया बनाते हैं।


नुक्कड़सभा करते वीपीसिंह जनता दल के पदाधिकारी। अमृत विचार

# वीपीसिंह जनता दल से प्रत्याशी घोषित हुए धर्मेंद्र

संवाददाता, माधौगढ़ जालौन

- गोपालपुरा में नुक्कड़सभा कर किया गया प्रचार

**अमृत विचार।** विश्वनाथ प्रताप सिंह जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए जालौन, गरौठा, भोगनीपुर, लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा की है। अध्यक्ष ने इस सीट से धर्मेंद्र कुमार वाल्मीकि को उतारा है। शनिवार को उन्होंने नुक्कड़सभा कर प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। कहा कि गरीब लाचार कि यह एक ऐसी पार्टी है जो सदा से ही गरीब जनता की मदद करती चली आ रही है, जब भी जिस व्यक्ति को किसी भी चीज की जरूरत पड़े राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह का दरबार खुला है। उन्होंने कहा जिला अध्यक्ष विजय शंकर उर्फ पप्पू गरीब जनता के अधिकार के लिए सदैव तत्पर खड़े रहते हैं। नुक्कड़सभा में कहा कि वाल्मिक समाज सदा ही गंदगी हटाकर आप लोगों को साफ जगह में रखता रहा है। इस दौरान मोहित प्रजापत, बीडीसी विजय शंकर उर्फ बड़े पप्पू, रामकुमार बाबूजी, धर्मेंद्र वाल्मिक, हरपाल मास्टर, अभय प्रताप सिंह, मोहित, गोलू आदि मौजूद रहे।

# शराब की बोतलों, पैकेटों की सील जांची

कार्यालय संवाददाता, कालपी जालौन

- दर्जन भर मदिरा की दुकानों में की गई जांच

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव तथा होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल के नेतृत्व में पुलिस तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा कालपी नगर तथा जोल्हूपुर में दर्जन भर से अधिक देशी, अंग्रेजी व बीयर तथा मदिरा की दुकानों में छापा मारकर अभियान चलाया गया। टीम के द्वारा मदिरा की दुकानों की चेकिंग करके लाइसेंस धारकों तथा संचालकों को प्रभावी निर्देश दिए गए।

शनिवार को उप जिलाधिकारी के साथ क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह की संयुक्त टीम में शामिल पुलिस कर्मियों तथा आबकारी कर्मचारियों ने कालपी नगर के मोहल्ला बाईपास, सब्जी मंडी, टरनंनगंज टॉकीज रोड, खोवा मंडी के अलावा जोल्हूपुर मोड़ आदि स्थानों में स्थित देसी तथा अंग्रेजी शराब की दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया। दुकानों में शराब के स्टॉक का निरीक्षण तथा गणना करके रजिस्टर तथा अभिलेखों से मिलान किया। इस दौरान बोतलों तथा पैकेटों की सील की चैकिंग तथा टेस्ट किया गया।

संयुक्त टीम में शामिल एसडीएम ने दुकानों तथा परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश दिए। वहीं आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह ने लाइसेंस धारकों को हिदायत दी कि लाइसेंस की शर्तो तथा विभागीय नियमों के तहत शराब का वितरण करें। उन्होंने चेतावनी दी कि बिक्री में गड़बड़ी करने पर कठोर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। संयुक्त टीम में उप अभिलाख सिंह, हेड कांस्टेबल मोईद आदि मौजूद थे।


मदिरा की दुकानों को चेक करते अधिकारी। अमृत विचार

# कोटेदार ने वृद्धा से की अभद्रता, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** शहर के कोंच रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी के कोटेदार द्वारा कांशीराम कॉलोनी की वृद्धा से अभद्रता का मामला सामने आया है। वृद्धा ने एसडीएम से शिकायत की है। कांशीराम कॉलोनी की रहने वाली 80 वर्ष की महिला दुर्गावाई पत्नी स्व. सूरज प्रसाद ने कोटेदार द्वारा सामग्री न देने तथा अभद्रता करने के मामले को लेकर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। पीड़ित वृद्धा के साथ में अखिल भारतीय चमार महासभा के उपाध्यक्ष मनोज अहिरवार, दिव्यांग संघ के प्रदेशीय नेता प्रहलाद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


एसडीएम से शिकायत करने जाती वृद्धा व अन्य। अमृत विचार

# अभिभावकों को किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता कालपी (जालौन)

- महेवा में हुआ समेकित शिक्षा योजना का कार्यक्रम

**अमृत विचार।** विकास खण्ड महेवा क्षेत्र के अभिभावकों की मौजूदगी में समेकित शिक्षा योजना के अंतर्गत अभिभावक कार्यशाला का खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर स्पेशल एजुकेटर मनीष कुमार ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं के हितों के लिये चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारियां देकर जागरूक किया गया। ब्लॉक संसाधन शिक्षा केन्द्र कालपी में आयोजित कार्यशाला में जानकारियां देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक पुनर्वास एवं उपलब्ध होने वाली योजनाओं के बारे में जागरूक होने की जरूरत है। स्पेशल एजूकेटर मनीष कुमार ने बताया कि दिव्यांगता के कारण सावधानियां, दिव्यांग बच्चों के लिए आवश्यक आकार एवं उपकरण की जानकारी व रखरखाव की जानकारी दी। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 एवं नेशनल ट्रस्ट एक्ट 1995 के प्रावधान पर चर्चा की।पूर्ण दृष्टि दिव्यंण बच्चों की शिक्षा में आने वाली चुनौतियों एवं उनके समाधान तथा अल्प दृष्टि दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण के सम्बन्ध में जानकारी दी। वैदिक दिव्यंण एवं सेरेप्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों को शिक्षा में आने वाली चुनौतियों एवं उनके समाधान के बारे में बताया। कार्यशाला में खालिद अंसारी, सुरेश वर्मा, शिवम विश्नोई, इसरार अहमद, प्रेयश द्विवेदी, मिथुन प्रजापति, ब्रजभूषण तिवारी, कोमेश पाठक, अब्दुल खालिक आदि शिक्षकों ने सहभागिता रही।


अभिभावक कार्यशाला में जानकारी देते समेकित शिक्षा योजना के कर्मचारी।

# अफवाहों पर ध्यान न दें, मैं ही रहूंगा प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

- इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार ने लोगों से की अपील

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार ने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, मैं ही जालौन-गरौठा एवं भोगनीपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी रहूंगा। कहा कि इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे के तहत बुंदेलखंड क्षेत्र की चार लोकसभा सीटों में से बांदा-चित्रकूट, हमीरपुर-महोबा के अलावा जालौन-गरौठा एवं भोगनीपुर लोकसभा सीट बंटवारे के तहत समाजवादी पार्टी के खाते में आयी हैं जबकि ललितपुर-झांसी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में गयी है। इस सीट से पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य जैन को कांग्रेस ने टिकट देकर चुनाव मैदान में उतार दिया है। इंडिया गठबंधन (सपा) जालौन-गरौठा एवं भोगनीपुर लोकसभा सीट से मुझे ही चुनाव लड़ना है। गौरतलब है कि कुछ शरारतीतत्वों द्वारा यह अफवाह फैलाई जा रही है थी कि अहिरवार का टिकट बदला जा सकता है। उन्होनें क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि ऐसी भ्रामक अफवाहों से सावधान रहने की अपील की है।

# महिला ने फांसी लगाई, हुई मौत

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम सतोह में 30 वर्षीय महिला ने गृह कलह से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्राम सतोह निवासी 30 वर्षीय महिला ने उस समय घर के कमरे की छत के कुन्दे में रस्सी डालकर आत्महत्या की जब घर के सभी सदस्य घर से बाहर गए हुए थे। बताया जा रहा है कि महिला का मायका ग्राम बिलाया में हैं। महिला का विवाह 8 वर्ष पूर्व ग्राम सतोह निवासी भगवान सिंह के साथ हुआ था। मृतका के एक लड़का और एक लड़की है। घटना के समय उसने बच्चों को घर से बाहर भेज दिया था। उसका पति मजदूरी करने के लिए सुबह ही घर से बाहर चला गया था।

# होली मिलन, सांस्कृतिक मेला 27 को

कार्यालय संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** समाजसेवी संस्था घुमंतू हसन्तू क्लब के तत्वावधान में 27 मार्च को यमुना नदी के किनारे किला घाट कालपी में बिहारी जी मंदिर के प्रांगण में विशाल झांकी, होली मिलन समारोह, संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

संस्था के अध्यक्ष दीपक रमेश धवन ने बताया कि पिछले 30 वर्षों से आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम में इस साल मुख्य अतिथि तौर पर केंद्रीय उद्योग राज्य मंत्री भानुप्रताप वर्मा, उपस्थित रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित तथा नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम को विशाल रूप देने के लिए किला घाट, पातालेश्वर मंदिर, बिहारीजी मंदिर आदि धर्म स्थलों में सजावट एवं रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। संस्था के संस्थापक जय खत्री, मनीष वंसल, श्रीकृष्ण पुरवार, उमाशंकर पुरवार आदि सदस्यों ने जनता से अपील की है कि सांस्कृतिक महत्व के उक्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।


कार्यक्रम को लेकर सजाया गया बिहारी मंदिर प्रांगण। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पीड़ित ने एसडीएम से लगाई गुहार

**कोंच(जालौन)।** पड़ोसी ने सरकारी हैंडपंप में समर सेविल पम्प डालकर उस पर कब्जा कर लिया। इससे लोग हैंडपंप से पानी नहीं भर पा रहे हैं। यह गुहार नदीगांव थाना अंतर्गत ग्राम सजेरा निवासी दिनेश कुमार ने एसडीएम सुशील कुमार से लगाते हुए उन्हें शिकायती पत्र सौंपा। पीड़ित ग्रामीण ने बताया कि काफी समय से हैंडपंप लगा हुआ था, जिससे मोहल्ले के लोग पानी भरा करते थे लेकिन अब आरोपित ने हैंडपंप ने समर सेविल पम्प डालकर कब्जा कर लिया है।

### एचटी लाइन टूट कर गिरने से बाग में लगी आग

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन विद्युत सब स्टेशन से संचालित सुंदरपुर गांव में जर्जर एचटी लाइन टूटकर यूके लिप्टस के बाग में गिर गई। शार्टसर्किट से उठी चिंगारी से देखते ही देखते बाग में आग लग गई। खेत में काम कर रहे किसानों की सूचना पर आपूर्ति बंद कराकर निजी साधनों से आग पर काबू पाया। नवाबगंज ब्लाक के अजगैन विद्युत सब स्टेशन से जुड़े सुंदरपुर गांव के बाहर हाईटेंशन लाइन शनिवार को शार्टसर्किट होने के बाद टूटकर अचानक गांव के प्रेमचंद के यूके लिप्टस की बाग में गिर गई। इससे बाग में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लपटें देख आसपास खेतों में काम रहे किसानों में हड़कंप मच गया। आग की सूचना पर गांव से भी लोग दौड़े और विद्युत उपकेंद्र में फोन कर जानकारी दी। विद्युत आपूर्ति बंद होने के बाद ग्रामीणों ने खेतों में लगे ट्यूबवेल से पानी की बौछार कर करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### महिला ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**पुरवा।** सदर क्षेत्र के गांव भगौतीखेड़ा निवासी सीमा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव बेहटा सुम्भारी निवासी आकाश यादव से दिसंबर-2023 को शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति आकाश, ससुर प्रकाश, सास बड़का व ननद रोशनी दहेज में कार की मांग कर प्रताड़ित कर रहे थे। कुछ दिन पूर्व मायके से कार लाने के बाद ही घर आने की धमकी दी। विरोध करने पर उन लोगों ने उसे जमकर मारापीटा। मारपीट में उसे काफी चोटें आई हैं। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामितों पर रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

### पुलिसकर्मियों से घूस मांगने का आरोप

**उन्नाव।** पुलिसकर्मियों से एरियर के नाम पर विभाग के कुछ कर्मियों पर धन उगाही किए जाने के आरोप लगा है। सन-2019 बैच के सिपाहियों का आईजी रेंज को लिखा गुमनाम का पत्र शोसल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल पत्र की पुष्टि नहीं करता है। उन्नाव जिले में तैनात सभी सन-2019 बैच के सिपाहियों को ओर से लिखा पत्र शोसल मीडिया खूब सुर्खियां बटोर रहा है। आईजी रेंज लखनऊ को संबोधित पत्र में एरियर भुगतान को लेकर सभी से एक-एक हजार रुपए की रिश्वत मांगे जाने की बात लिखी है। आरोप विभाग की आंकिक शाखा में तैनात पुलिस कर्मियों पर है। चर्चा है कि सुविधा शुल्क देने वालों को धनराशि उनके खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है और जो इसे देने से इंकार करते हैं उन्हें जुलाई या अगस्त माह के लिए टाल दिया जाता है।

### सादे कपड़े में निगरानी करेगी पुलिस

**उन्नाव।** रमजान माह और होली का पर्व एक साथ पड़ने के चलते पुलिस इस बार अधिक सतर्क दिख रही है। वाहनों व पैदल गस्त करने के साथ होली पर हुड़ंदग करने वालों की निगरानी को पुलिस कर्मी सादे कपड़ों में घूमेंगे। जिससे त्योहार में किसी प्रकार का खलल न पड़े। इसके लिए अफसर खुद फोर्स के साथ सड़क पर उतरे हुए हैं। होली का त्योहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। लेकिन इसमें शराब पीने व रंग खेलने के दौरान हुड़दंग करने जैसी कुरीतियों को लेकर कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है। इसे लेकर एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर जिले के सभी थानों की पुलिस को अलर्ट किया गया है। इसके चले ऐसे हुड़दंगियों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। रमजान का माह चल रहा है और लोकसभा चुनाव का भी बिगुल बज चुका है। ऐसे में कोई छोटी सी चूक भी बड़ी समस्या खड़ी कर सकती है। इसके लिए लगातार सीओ व एसडीएम स्तर के अधिकारियों द्वारा पीस कमेटी की बैठकें आयोजित कर सभी से मिलजुल कर त्योहार मानने की अपील की जा चुकी हैं।

**पीस कमेटी की बैठक** — होली पर्व को आपसी सद्भाव से मनाने पर दिया जोर

# सद्भाव का पर्व है, किसी को ठेस नहीं पहुंचाएं

कार्यालय संवाददाता, कालपी (जालौन)

- आचार संहिता के नियमों का पालन करें, बिना अनुमति कोई भी समारोह नहीं करने के निर्देश

**अमृत विचार।** रंगों का पर्व होली तथा रमजान शरीफ को मद्देनजर रखते हुए प्रशासन के द्वारा एहतियात के तौर पर कदम उठाना शुरू कर दिए हैं। शनिवार को गण्यमान नागरिकों के साथ पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई।

कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी की मौजूदगी तथा उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में त्योहारों के अवसर पर नगर में शांति एवं सद्भाव का माहौल बनाए रखने के लिए विचार व्यक्त किए गए। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि होली के पर्व में सभी लोग मिलजुल रंग खेलें। कोई भी व्यक्ति ऐसा काम न करें जिससे किसी को ठेस पहुंचे। शराब पीकर पीकर हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।भ्रामक तथा भड़काऊ खबरों को सोशल मीडिया में कतई पोस्ट ना करें, वरना कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि होली तथा रमजान शरीफ के मौके पर सफाई, रोशनी, पेयजल तथा विद्युत आपूर्ति की पूर्णतः व्यवस्था रहेगी। अगर कोई समस्या होती है तो उसे प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद तथा अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर सद्भाव तथा प्रेम का माहौल कायम रखकर नगर के गौरवशाली परंपरा को कायम रखें। उन्होंने बताया कि चूंकि वर्तमान समय में लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है। इसलिए कोई भी समारोह आयोजित किया जाये। तो उसकी अनुमति ले लें। इस मौके पर विद्युत विभाग के अवर अभियंता जितेंद्र देव, दिलीप कुमार, पवनदीप निषाद, भगवान दास, सुरेश वर्मा, राकेश पुरवार, सलीम अंसारी, मुजीब अल्लामा, एनुल हसन मंसूरी, मनीष महाराज, जय खत्री, व्यापार संघ अध्यक्ष नमन अग्रवाल, पप्पू सभासद, कमर अहमद, राकेश पुरवार, सुनील पटवा, कन्हैया मिश्रा, जावेद अख्तर, सुरेश प्रजापति, बाबूराम प्रधान आदि मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक में शामिल अधिकारी, कमेटी के सदस्य। अमृत विचार

# दिन में काट रहे कनेक्शन रात को करते हैं चेकिंग

संवाददाता, कोंच (जालौन)

- बकाया वसूली में जुटा बिजली विभाग, दिन-रात चलाया जा रहा अभियान

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग के अधिकारी मार्च माह के अंत तक अपनी बकाया पड़ी बिलों की धनराशि उपभोक्ताओं से जमा कराना चाहते हैं इसके किये वह दिन रात कार्य कर रहे हैं। रात को वह बकायेदार उपभोक्ता काटे गए कनेक्शन को जांचते हैं और दिन में वह बकाया धनराशि वसूलने का अभियान चलाते हैं। शुक्रवार को इस अभियान के तहत जहां 17 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए तो वहीं 2.50 लाख रुपये की वसूली की गई। शुक्रवार को विभाग के एसडीओ अनिरुद्ध मौर्य के नेतृत्व में विभागीय अभियन्ता अंकित साहनी, अमन पांडेय की टीम नगर के मोहल्ला जवाहर नगर, नया पटेल नगर, आजाद नगर, एवं मुख्या बाजार में बकाया धनराशि वसूलने के लिए अभियान चलाया। उन्होंने बकायादारों के घर घर जाकर उनसे बकाया धनराशि जमा करने की अपील। अपील पर ध्यान नहीं देने वाले के कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए। दिन भर चली इस कार्रवाई ने 17 बड़े उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए और 2.50 लाख रुपए से अधिक की बकायेदारी जमा कराई गई। एसडीओ ने बताया कि मार्च का महिना चल रहा है। कार्रवाई से बचने के लिए विद्युत की धनराशि जल्द जमा कर दें। इस मौके पर अवर अभियंता अमन पांडेय, अंकित साहनी, धीरज कुशवाहा अनूप, पिंकेश, प्रदीप झा, प्रदीप कुमार, कन्हैया सहित कई लोग मौजूद रहे।

